▪ वर्ष: 1
▪ अंक: 131
▪ पृष्ठ: 8
▪ मूल्य: ₹2.00

दैनिक

ज़ूम न्यूज़ राजस्थान

खबरों की दुनिया में आपका भरोसेमंद साथी

संपर्क करें
9461119998
info@zoomnews.in
www.zoomnews.in


• जयपुर, बुधवार 25 नवम्बर, 2026 • राज्य: 1, जयपुर (राजस्थान) • अंग्रेजी/हिन्दी (द्विभाषिक दैनिक) RNI No.: RJBIL/26/A5611

प्रदेश में शीतलहर, सर्दी बढ़ी, पारा 2-डिग्री तक गिरा: रात में फतेहपुर सबसे ठंडा

ज़ूम न्यूज ▶▶| जयपुर

राजस्थान में उत्तरी हवा तेज होने से रात में सर्दी बढ़ गई है। मंगलवार को अजमेर, बीकानेर, जोधपुर, टोंक, पिलानी सीकर समेत कई शहरों में पारा 1 से 2 डिग्री तक गिर गया। सर्द हवा बढ़ने से उत्तर-पूर्वी जिलों में सुबह-शाम हल्की शीतलहर का दौर शुरू हो गया है। सर्द हवा का सबसे ज्यादा असर नागौर, सीकर, अलवर, अजमेर के एरिया में रहा। सर्दी का असर अभी रेगिस्तानी जिलों में कम है। मंगलवार को बाड़मेर में दिन का तापमान फिर से 31 डिग्री को पार कर गया। वहीं, शेखावाटी के जिलों में सर्दी बढ़ गई है। सीकर का फतेहपुर रात में सबसे ठंडा एरिया रहा। मौसम विभाग ने राज्य में अगले एक सप्ताह मौसम साफ रहने और इसी तरह की सर्दी रहने का अनुमान जताया है।

राजस्थान के सभी शहरों में मंगलवार को पूरे दिन आसमान साफ रहा और तेज धूप रही। धूप तेज होने से दिन के अधिकतम



तापमान में बढ़ोतरी हुई। दिन में तेज धूप से कुछ समय लोगों हल्की गर्मी भी महसूस हुई, लेकिन शाम होने के साथ ही तापमान में तेजी से गिरावट होने लगी और सर्दी बढ़नी शुरू हो गई। दूसरे दिन पारा 5 डिग्री से नीचे गया: सर्द हवा के असर से मंगलवार को भी सीकर के पास फतेहपुर में पारा 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया, जिस कारण ये राजस्थान का सबसे ठंडा शहर रहा। न्यूनतम तापमान 4.3 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। शेखावाटी के इलाके रात में हल्की शीतलहर के प्रभाव में रहे। एक सप्ताह साफ रहेगा मौसम: मौसम विशेषज्ञों ने बताया- राज्य में अगले एक मौसम साफ रहेगा। इस दौरान तापमान में कोई खास परिवर्तन नही होगा। सुबह-शाम तेज सर्दी रहेगी, जबकि दिन में अच्छी धूप रहने से लोगों को सर्दी से राहत रहेगी। जयपुर में मंगलवार को भी तापमान में उतार-चढ़ाव रहा। दिनभर तेज धूप रहने से अधिकतम तापमान 1 डिग्री बढ़कर 28.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। शाम होने के साथ ही जयपुर में भी हल्की सर्द हवा चलने के साथ ठंड तेज हो गई। जयपुर में न्यूनतम तापमान 12.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।



बीफ न्यूज

भुज में झाबुआ के एक परिवार के 4 की मौत


भुज। गुजरात के भुज में हुए सड़क हादसे में झाबुआ जिले के ग्राम संदला निवासी एक ही



परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दीवान मखौड़िया, उनकी गर्भवती पत्नी अश्वीना और भाई अर्जुन के दो बच्चे नवीना व दशरथ शामिल हैं। परिवार रोजगार की तलाश में कुछ दिन पहले गुजरात गया था।

नेपाल में भूकंप से कांपा बिहार, कई जिलों में झटके

पटना। बिहार के कई जिलों में भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.3 मापी गई। इसका केंद्र नेपाल



के कोशी प्रांत में था। पटना, दरभंगा, सुपौल, समस्तीपुर, अररिया, वैशाली, सीवान और बेगूसराय समेत कई जिलों में करीब 2 से 3 सेकंड तक धरती में कंपन महसूस हुआ।

श्रीलंका को भारत देगा 16.69 करोड़ का अनुदान

कोलंबो। श्रीलंका के मंत्रिमंडल ने पुट्टलम बेस अस्पताल के उन्नयन के लिए भारत के साथ समझौता



ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की मंजूरी दी है। परियोजना के तहत भारत करीब 16.69 करोड़ रुपये का अनुदान देगा। इससे अस्पताल में 8,640 वर्ग मीटर क्षेत्र में तीन मंजिला भवन बनाया जाएगा। इसमें आपातकालीन सेवाएं, बाह्य रोगी विभाग, मरीजों के वार्ड, रक्त बैंक और प्रयोगशाला की सुविधाएं विकसित की जाएंगी। चार साल में पूरा करने का लक्ष्य है।

ट्रेडिंग के नाम पर 9.31 लाख की ठगी

जयपुर। राजधानी जयपुर में साइबर ठग लगातार लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं।मोतीडूंगरी थाना क्षेत्र के सेठानी जी का बाग निवासी तरु अग्रवाल (48) साइबर ठगी का शिकार हो गईं। अज्ञात लोगों ने उन्हें ट्रेडिंग के नाम पर झांसे में लेकर 9 लाख 31 हजार 36 रुपए की धोखाधड़ी की। पीड़िता की शिकायत पर मोतीडूंगरी थाना पुलिस ने 23 नवंबर को मामला दर्ज किया। वैशाली नगर में एक व्यक्ति से 64 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है।

» अंदर विशेष

▪ देशभर से कपिल सरोवर पहुंचे साधु-संत, कार्तिक स्नान किया
...पढ़े पेज 2 पर

▪ किरोड़ी बोले-मंत्री की परफोर्मेंस कमजोर तो गाज गिरने का स्वागत
...पढ़े पेज 3 पर

अमित शाह, नितिन नवीन और सुखबीर बादल ने नई दिल्ली में किया गठबंधन का ऐलान

भाजपा और शिरोमणि अकाली दल ने एक बार फिर गठबंधन किया, पंजाब चुनाव मिलकर लड़ेंगे



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- दोनों दल पंजाब विधानसभा चुनाव में कितनी कितनी सीटों पर लड़ेंगे, यह अभी तय नहीं, दोनों दल अगले तीन महीनों में किसानों, युवाओं और राज्य के आर्थिक विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर साझा रोडमैप तैयार करेंगे

भाजपा और शिरोमणि अकाली दल ने पंजाब विधानसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ने का ऐलान किया है। दोनों पार्टियों ने एक बार फिर गठबंधन किया है। नई दिल्ली स्थित भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल ने पंजाब विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने तथा अकाली दल के एनडीए में पुनः शामिल होने की घोषणा की। दोनों दल कितनी कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेंगे, यह अभी तय नहीं हुआ है। दोनों दल अगले तीन महीनों में किसानों, युवाओं और राज्य के आर्थिक के लिए रोडमैप बनाएंगे।

हमारा प्रमुख लक्ष्य पंजाब से नशे और भ्रष्टाचार का उन्मूलन तथा राज्य में राष्ट्रवादी ताकतों को मजबूत करना होगा: शाह



अकाली दल और भाजपा का रिश्ता 'नख-मांस' (नाखून और मांस) जैसा अटूट: सुखबीर बादल

एनडीए के लिए बेहद प्रफुल्लित करने वाला निर्णय

अमित शाह ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में आज एक बैठक हुई, जिसमें शिरोमणि अकाली दल और भाजपा के प्रमुख नेताओं ने मिलकर फैसला लिया कि अगला पंजाब विधानसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी और शिरोमणि अकाली दल मिलकर लड़ेंगे। आज से शिरोमणि अकाली दल एनडीए के आधिकारिक सहयोगी के रूप में राजनीति में काम करेगा। पूरा देश गुरुपर्व मना रहा है और यह एनडीए के सभी सहयोगी दलों के लिए बहुत आनंद का विषय है कि एनडीए का सबसे पुराना साथी अकाली दल एक बार फिर एनडीए में लौट रहा है। शाह ने कहा कि बीते दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से एनडीए के विस्तार को लेकर बातचीत हुई।

बादल ने जताई खुशी कहा-एक बार फिर साथ-साथ

शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल ने कहा कि एक बार फिर भाजपा और अकाली दल का गठबंधन बनने जा रहा है। यह गठबंधन केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि भावनात्मक भी है। मेरे स्वर्गीय पिताजी कहा करते थे कि अकाली दल और भाजपा का रिश्ता 'नख-मांस' (नाखून और मांस) जैसा अटूट है। पंजाब, देश और सिख कौम के हित में बने इस गठबंधन की सरकारों के कार्यकाल में पंजाब ने हमेशा तरक्की की और वहां अमन-शांति तथा आपसी भाईचारा कायम रहा। शिरोमणि अकाली दल लगभग 106 साल पुरानी और हिंदुस्तान के इतिहास की दूसरी सबसे पुरानी पार्टी है। देश की आजादी में हमारे नेतृत्व और कार्यकर्ताओं ने सबसे बड़ा योगदान दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने गंगा स्तोत्रम का श्लोक साझा कर मां गंगा से की प्रार्थना

बुद्धि को चरणों में समर्पित रखने की कामना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर संस्कृत का एक सुभाषित साझा कर मां गंगा की स्तुति की है। इस श्लोक के माध्यम से उन्होंने मां गंगा से प्रार्थना की है कि उनकी बुद्धि सदैव मां के पावन चरण-कमलों में समर्पित रहे।

आदि शंकराचार्य द्वारा रचित 'गंगा स्तोत्रम' के इस श्लोक में मां गंगा की दिव्यता, पवित्रता और मुक्तिदायिनी शक्ति का वर्णन किया गया है। यह श्लोक ईश्वर के प्रति अटूट श्रद्धा, समर्पण और मन की स्थिरता का भाव प्रकट करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी एक्स पोस्ट में संस्कृत का यह श्लोक साझा किया है- 'देवि सुरेश्वरि भगवति गङ्गे त्रिभुवनतारिणि तरलतरङ्गे। शङ्करमौलिविहारिणि विमले मम मतिरास्तां तव पदकमले॥'इस श्लोक में मां गंगा को देवताओं की अधिष्ठात्री, परम पावनी, तीनों लोकों का उद्धार करने वाली और भगवान शिव के मस्तक पर विराजमान देवी संबोधित किया है।

ऐसे टूटेंगे...देखकर रिकॉर्ड ही 'कराह' उठे

यूएई की टीम को 'रेत' दिया

28 छक्कों, 7 चौकों से वैभव सूयवंशी ने यूएई टीम को रेत जैसा उड़ा दिया

- 52 गेंदों पर जड़ा दोहरा शतक, टूटे कई रिकॉर्ड्स
- इंडिया ए ने 14.2 ओवर में ही 250 रन का लक्ष्य हासिल किया



एजेंसी ▶▶| दोहा

भारतीय क्रिकेट के उभरते सितारे वैभव सूर्यवंशी ने महज 15 साल की उम्र में लिस्ट-ए क्रिकेट के रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया। यूएई के खिलाफ एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2026 के मुकाबले में वैभव ने 52 गेंदों में दोहरा शतक जड़कर सबसे तेज 200 रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड बनाया। उनकी तूफानी बल्लेबाजी के सामने यूएई के गेंदबाज पूरी तरह बेबस नजर आए। दोहा में खेले गए मुकाबले में यूएई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट पर 249 रन बनाए थे। जवाब में इंडिया ए ने वैभव की विस्फोटक पारी की बदौलत लक्ष्य 14.2 ओवर में हासिल किया।

काशी में देव दीपावली, 2100 ड्रोन से दिखाई शिव लीला

ज़ूम न्यूज ▶▶| वाराणासी

काशी में देव दीपावली मनाई गई। 2100 ड्रोन से शिवलीला दिखाई गई। गले में सर्प और त्रिशूल के साथ जटाओं से निकलती मां गंगा को दिखाया गया। फिर आतिशबाजी की गई।

इससे पहले नमो घाट पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने पहला दीप जलाया। इसके बाद 84 घाटों पर करीब 11 लाख दीये जलाए गए। फिर गंगा पार आतिशबाजी शुरू हुई। हालांकि, पूरी काशी में 21 लाख दीये जलाए गए। देव दीपावली देखने के लिए 40 देशों से मेहमान काशी आए। कुल 15 लाख पर्यटक पहुंचे। काशी विश्वनाथ मंदिर से लेकर नमो घाट और हरिश्चंद्र घाट तक आकर्षक सजावट की गई। बबुआ पांडेय घाट पर दीयों से लिखा- 'राधे-राधे कमल खिला दे।'

कंबोडिया से आईं जेसिका ने कहा- मुझे इतने बड़े उत्सव की उम्मीद नहीं थी। ग्रीस की एलेक्सिया ने कहा- भारत खूबसूरत और आध्यात्मिक देश है। हर किसी को जीवन में कम से कम एक बार काशी जरूर आना चाहिए। शहर दक्षिणी से भाजपा विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी ने ललिता घाट पर मां गंगा की आरती उतारी।

जयपुर: पेट्रोल पंप के पास कार में लगी आग:20 मिनट तक मची अफरा-तफरी; पास खड़ा था पेट्रोल टैंकर, टला हादसा





जयपुर। शहर के करबला इलाके में मंगलवार रात एक पेट्रोल पंप के पास खड़ी कार में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। कार से आग की लपटें उठती देख पेट्रोल पंप पर मौजूद कर्मचारियों और लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हालात की गंभीरता को देखते हुए पंप कर्मचारियों ने तुरंत मोर्चा संभाला और फायर सिलेंडरों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। हैरानी की बात यह थी कि आग की चपेट में आई कार से महज 20 मीटर की दूरी पर पेट्रोल से भरा टैंकर खड़ा था। ऐसे में आग फैलने पर बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि पंप कर्मचारियों की सूझबूझ और तत्परता से करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

देश में 2 लाख से ज्यादा स्टार्टअप, 110 करोड़ इंटरनेट,104 करोड़ ब्रॉडबैंड कनेक्शन दुनिया का इकलौता दूरसंचार बाजार, जहां दोहरे अंकों में हो रही वृद्धि: ज्योतिरादित्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि भारत ने पिछले एक दशक में तकनीक के उपभोक्ता से तकनीक के निर्माता बनने तक का सफर तय किया है। आज भारत न केवल नई तकनीकों को अपना रहा है, बल्कि स्वदेशी तकनीक विकसित कर वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान भी स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में स्टार्टअप की संख्या दो लाख से अधिक हो चुकी है और यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से अपनाई गई विभिन्न त्वरित एवं प्रोत्साहनकारी पहलों का परिणाम है।

सिंधिया 'टेलीकॉम स्टार्टअप्स एंड एमएसएमई कॉन्क्लेव 2026' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दूरसंचार क्षेत्र भारत के तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का सबसे प्रमुख उदाहरण है। इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर परीक्षण, नवाचार और स्वदेशी तकनीकों के विकास ने देश की क्षमता को नई पहचान दी है।

110 करोड़ इंटरनेट और 104 करोड़ ब्रॉडबैंड कनेक्शन: केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भारत में वर्तमान में लगभग 110 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन और 104 करोड़ ब्रॉडबैंड कनेक्शन हैं। यह आंकड़े देश में डिजिटल कनेक्टिविटी के तेजी से विस्तार को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का एकमात्र दूरसंचार नेटवर्क बाजार है, जहां दोहरे अंकों में वृद्धि दर्ज की जा रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय दूरसंचार क्षेत्र ने पिछले वर्षों में जिस गति से विस्तार किया है, उसने देश को वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था में अहम स्थान दिलाया है। स्वदेशी तकनीक, नवाचार और उद्यमिता के बढ़ते दायरे से भारत अब जरूरतों के अनुरूप तकनीकी समाधान विकसित करने में सक्षम हो रहा है।

स्टार्टअप और एमएसएमई को एक मंच पर लाने की पहल : दूरसंचार विभाग की ओर से आयोजित इस कॉन्क्लेव में दूरसंचार क्षेत्र से जुड़े स्टार्टअप, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों सरकारी प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इसका उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों और तकनीकी समाधानों को प्रदर्शित करने के साथ घरेलू नवोन्मेषकों के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करना था। कॉन्क्लेव में भारतीय दूरसंचार तकनीकों को बड़े स्तर पर विकसित करने, उनके व्यावसायिक विस्तार और बाजार तक पहुंच बढ़ाने के अवसरों पर भी विचार-विमर्श किया। इससे स्टार्टअप और एमएसएमई को सरकारी संस्थाओं के साथ संवाद करने तथा अपने नवाचारों को आगे बढ़ाने के लिए एक साझा मंच उपलब्ध कराया गया।

इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज हैकाथॉन के विजेता सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने 'इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज हैकाथॉन 2026' के विजेताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर दूरसंचार क्षेत्र में नई तकनीकों के विकास, स्वदेशी उत्पादों और नवाचार आधारित समाधानों को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया गया। मंत्री ने कहा कि भारत की तकनीकी यात्रा अब केवल विदेशी तकनीकों को अपनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के स्टार्टअप और उद्यमी स्वदेशी समाधान विकसित कर रहे हैं। दूरसंचार क्षेत्र में हो रहा बदलाव इसी व्यापक परिवर्तन का उदाहरण है, जिसमें स्टार्टअप और एमएसएमई की भूमिका महत्वपूर्ण है।

एम्स और एचआरआईडे का जागरुकता कार्यक्रम

एम्स दिल्ली ने बच्चों में टाइप-1 डायबिटीज पर दी सलाह

लोग लक्षणों की अनदेखी न करें गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा होगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



एम्स दिल्ली और एचआरआईडे ने बच्चों में इस बीमारी की समय पर पहचान, इलाज और बेहतर प्रबंधन के लिए परिवार, स्कूल और समाज की भागीदारी पर जोर दिया है। बच्चों में बार-बार पेशाब आना, अत्यधिक प्यास लगना, लगातार थकान और बिना वजह वजन कम होना टाइप-1 डायबिटीज के शुरुआती लक्षण हो सकते हैं। इन संकेतों को नजरअंदाज करना गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकता है। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर बच्चे की जल्द जांच कराना जरूरी है। एम्स दिल्ली और एचआरआईडे के कार्यक्रम में डॉक्टरों, स्वास्थ्य मंत्रालय, शिक्षकों, अभिभावकों और टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बीमारी की शुरुआती पहचान, इलाज और बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए परिवार, स्कूल और समाज की भूमिका पर चर्चा की।

इन लक्षणों पर दें ध्यान

- **बार-बार पेशाब आना:** बच्चे को सामान्य से अधिक बार पेशाब आने लगे।
- **अत्यधिक प्यास लगना:** बच्चे को बार-बार प्यास लगे और वह ज्यादा पानी पीने लगे।
- **थकान:** बच्चा लगातार थका हुआ महसूस करे या उसकी ऊर्जा में कमी दिखाई दे।
- **वजन कम होना:** बिना किसी स्पष्ट कारण के बच्चे का वजन तेजी से घटने लगे।

देशनोक में मां करणी की ओरण परिक्रमा में उमड़ा आस्था का सैलाब



चतुर्दशी पर देशभर से देशनोक पहुंचे श्रद्धालु, 24 घंटे दर्शन की व्यवस्था; रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरब्रिज से राह हुई आसान, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

जूम न्यूज ▶▶| देशनोक

बीकानेर जिले के देशनोक में मां करणी की ओरण परिक्रमा में चतुर्दशी के अवसर पर सोमवार को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। देश के विभिन्न राज्यों से लाखों श्रद्धालु देशनोक पहुंचे और मां करणी के दरबार में धोक लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई, जो दिन चढ़ने के साथ लगातार बढ़ती गई। चतुर्दशी पर 8 से 10 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान जताया गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए इस बार मंदिर प्रशासन और जिला प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की गईं। मां करणी मंदिर को 24 घंटे दर्शनार्थियों के लिए खुला रखा गया है। दर्शन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए मंदिर परिसर में प्रवेश और निकासी के अलग-अलग द्वार निर्धारित किए गए हैं, ताकि भीड़ के दबाव को नियंत्रित किया जा सके।

रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरब्रिज से मिली राहत

इस बार श्रद्धालुओं को ओरण परिक्रमा के दौरान पहले के मुकाबले बेहतर सुविधाएं मिलीं। परिक्रमा मार्ग में आने वाली दोनों रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरब्रिज बनने से आवागमन सुगम हुआ है। पहले रेलवे क्रॉसिंग पार करने के दौरान श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब अंडरब्रिज से आवाजाही आसान हो गई है।

पानी और चिकित्सा सुविधाओं के इंतजाम

परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह पानी के टैंकर लगाए गए हैं। मेडिकल सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई गई हैं। विभिन्न स्थानों पर सेवादारों और सामाजिक संगठनों की ओर से सेवा शिविर लगाए गए हैं, जहां श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। सेवादार पूरे उत्साह के साथ भक्तों की सेवा में जुटे हुए हैं।

चार प्रमुख मार्गों पर पुलिस जाब्ता तैनात

भीड़ और यातायात व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं। नोखा रोड, जेंगला फांटा, बीकानेर रोड और नापासर रोड सहित चार प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। पुलिस जवान यातायात नियंत्रित करने के साथ श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुचारू बनाए रखने में जुटे हैं।

ओरण की पवित्रता बनाए रखने के लिए प्रतिबंध

ओरण की धार्मिक महत्ता और पवित्रता को ध्यान में रखते हुए परिक्रमा मार्ग में धूप-बत्ती जलाने तथा मदिरा की बिक्री और सेवन पर प्रतिबंध लगाया गया है। श्रद्धालुओं से नियमों की पालना करने और ओरण भूमि की मर्यादा एवं स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई है।

125 फीट तक चौड़ा हो रहा परिक्रमा मार्ग

ओरण परिक्रमा मार्ग के विकास कार्यों में भी इस बार बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। पहले कई हिस्सों में सड़क की चौड़ाई करीब 25 फीट थी, जिसे बढ़ाकर 125 फीट तक किया जा रहा है। मार्ग चौड़ा करने का काम जारी है और 60 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है। आगामी समय में पूरी परिक्रमा सड़क को 125 से 130 फीट तक चौड़ा करने की योजना है। इससे भविष्य में श्रद्धालुओं की आवाजाही और भीड़ प्रबंधन में सुविधा मिलेगी। मां करणी की भक्ति में लीन श्रद्धालुओं के जयकारों से देशनोक का पूरा ओरण परिक्रमा क्षेत्र भक्तिमय नजर आया। प्रशासन, मंदिर प्रबंधन, पुलिस और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं की गईं।

ब्रीफ न्यूज

होटल पर दबिश के दौरान भागा हत्या का आरोपी घेराबंदी कर गिरफ्तार, दो पिस्टल और 10 कारतूस बरामद



जूम न्यूज ▶▶| सरदारशहर

हत्या के मामले में वांछित अंतरराज्यीय आरोपी को सरदारशहर पुलिस ने जिला स्पेशल टीम के सहयोग से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से दो लोडेड पिस्टल और 10 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान हरियाणा के हांसी स्थित आर्यनगर निवासी जितेन्द्र उर्फ जितु जोगी के रूप में हुई है। उसके खिलाफ अलग-अलग राज्यों में हत्या सहित करीब 25 आपराधिक मामले दर्ज बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार 23 नवंबर को जिला स्पेशल टीम ने रतनगढ़ रोड स्थित जय महल होटल में आरोपी को पकड़ने के लिए दबिश दी थी। इस दौरान आरोपी भीड़ का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। इसके बाद थानाधिकारी धीरेन्द्र सिंह शेखावत ने दो विशेष टीमों का गठन किया। पुलिस टीमों ने मेगा हाईवे, रतनगढ़ रोड, जीवणदेसर और सूर्यनगर कॉलोनी में तलाश और नाकाबंदी शुरू की। घेराबंदी के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

घर में घुसकर छोटे भाई के परिवार पर हमला:5 लोग घायल

जूम न्यूज ▶▶| चूरू

चूरू जिले के हमीरवास थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर पारिवारिक झगड़ा हिंसक हो गया। आरोप है कि बड़े भाई ने अपने बेटे और पत्नी के साथ मिलकर छोटे भाई के परिवार पर लाठी और सरियों से हमला कर दिया। हमले में दो महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को पहले हमीरवास के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत को देखते हुए चूरू के डीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल घायलों का अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में



इलाज चल रहा है। हमीरवास निवासी सीताराम ने बताया कि वह अपने घर में कुएं की बोरिंग से मोटर निकाल रहा था। इस काम में उसका छोटा भाई मुकेश भी मदद कर रहा था। इसी दौरान पास के घर में रहने वाले बड़े भाई रमेश, भतीजे देवनिधि और भाभी मंजू लाठी व सरिये लेकर उनके घर पहुंच गए। सीताराम के अनुसार, परिवार में जमीन को लेकर लंबे समय से मनमुटाव चल रहा है। इसी विवाद के चलते तीनों ने घर में मौजूद लोगों पर हमला कर दिया। हमले में 43 वर्षीय सरोज, 46 वर्षीय मुकेश कुमार, 27 वर्षीय संतोष, 30 वर्षीय सुनील और 46 वर्षीय सीताराम घायल हो गए। घायलों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। हमले के बाद परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों ने सभी घायलों को हमीरवास के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद पांचों को चूरू के डीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में उनका इलाज जारी है। डीबी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड स्टाफ ने घायलों की जानकारी अस्पताल चौकी को भेज दी। वहीं, इस मामले में हमीरवास निवासी सरोज देवी पत्नी मुकेश मेघवाल ने हमीरवास थाने में परिवाद दिया है।

देशभर से कपिल सरोवर पहुंचे साधु-संत, कार्तिक स्नान किया: दिनभर भजन किए, शाम को सरोवर किनारे महाआरती और दीपदान हुआ

जूम न्यूज ▶▶| बीकानेर

बीकानेर के श्रीकोलायत में मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा का मेला भरा। इस अवसर पर हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने कपिल सरोवर में कार्तिक स्नान किया और कपिल मुनि मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। रात को कपिल सरोवर में हुई आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने दीपदान किया। सरोवर में जलते दीपकों से माहौल भक्तिमय हो गया। कहीं श्रद्धालु दीपक से महादेव के नाम उकेर रहे थे तो कहीं साधु धुणी रमाकर बैठे थे।

कार्तिक पूर्णिमा पर इस बार कपिल सरोवर में साधु-संतों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही। सौ से भी कम साधु-संत यहां पहुंचे। वहीं, स्थानीय श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाओं की बड़ी संख्या रही। सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने और स्नान-दर्शन के बाद वापस लौटने का सिलसिला जारी रहा। सरोवर के सभी घाटों पर दिनभर धार्मिक और भक्तिमय आयोजन होते रहे।

भजनों से गूंजा कोलायत, बाजारों में रही रौनक

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पूरे कोलायत में मेले जैसा माहौल रहा। मुख्य बाजारों में अस्थायी दुकानें सजीं, जहां खरीदारों की भीड़ लगी रही। ग्रामीण परिवेश से पहुंची महिलाओं ने समूह में भजन गाकर माहौल को भक्तिमय बनाया। मेले में धार्मिक गतिविधियों के साथ खरीदारी का उत्साह भी देखने को मिला।

कार्तिक पूर्णिमा पर बीकानेर शहर से भी बड़ी संख्या में परिवार पूजा-अर्चना के लिए कोलायत पहुंचे। श्रद्धालुओं ने कपिल सरोवर में स्नान और मंदिर में दर्शन के साथ आसपास स्थित शिव मंदिरों में भी पूजा की। शिव मंदिरों में सुबह से शाम तक लगातार अभिषेक होते रहे। शाम को आरती और दीपदान के साथ धार्मिक आयोजन का विशेष आकर्षण देखने को मिला।



कांग्रेस की विधायक और देहात अध्यक्ष पर केस दर्ज

महिला प्रत्याशी को जबरन उठाने का आरोप; जांच CID-CB के पास

जूम न्यूज ▶▶| बीकानेर

बीकानेर जिला परिषद में जिला प्रमुख चुनाव से ठीक पहले नोखा विधायक सुशीला डूडी, देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग और कांग्रेस नेता भंवर कूकणा के खिलाफ जयनारायण व्यास कॉलोनी थाने में सोमवार को FIR दर्ज हुई है। वार्ड-9 से कांग्रेस सदस्य मैना देवी के पति नेमाराम ने तीनों पर पत्नी को जबरन ले जाने का आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार, 20 नवंबर को मतगणना के बाद पॉलिटेक्निक कॉलेज में सर्टिफिकेट वितरण के दौरान कांग्रेस के दो पक्ष आमने-सामने हो गए थे। इस दौरान मैना देवी के देवर के साथ धक्का-मुक्की और कपड़े फाड़ने का आरोप है। इसके बाद मैना देवी को जबरन अपने साथ ले जाने की शिकायत की गई। विधायक से जुड़ा मामला होने के कारण जांच CID-CB को सौंप दी गई है। 20 नवंबर को जिला परिषद चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद जीते सदस्यों को सर्टिफिकेट दिए जा रहे थे। इसी दौरान कांग्रेस के दो पक्ष आमने-सामने हो गए। मौके पर मौजूद मैना देवी के देवर ने आरोप लगाया कि उनके साथ धक्का-मुक्की की गई और कपड़े फाड़े गए।

बीकानेर में जिला प्रमुख का चुनाव आज: कांग्रेस में निकिता डूडी और सरिता चौहान के बीच मुकाबला

जूम न्यूज ▶▶| बीकानेर

बीकानेर में जिला प्रमुख पद के लिए बुधवार को मतदान होगा। कांग्रेस और भाजपा दोनों ही अपने प्रत्याशी मैदान में उतारेंगी। जिला परिषद में कांग्रेस के पास भारी बहुमत है, जबकि भाजपा के पास जीत की संभावना बेहद कम है। इसके बावजूद कांग्रेस की गुटबाजी को देखते हुए भाजपा भी चुनाव में उम्मीद तलाश रही है। पार्टी ने सामान्य वर्ग से ही उम्मीदवार मैदान में उतारने का निर्णय किया है।

जिला प्रमुख पद के लिए कांग्रेस में नोखा विधायक सुशीला डूडी की पुत्रवधू निकिता डूडी सबसे प्रमुख दावेदार मानी जा रही हैं। निकिता के समर्थन में देहात कांग्रेस भी प्रयास कर रही है। वहीं, दूसरी दावेदार सरिता चौहान हैं। उनके पिता और पूर्व मंत्री गोविंदराम मेघवाल बेटी के लिए समर्थन जुटाने में लगे हैं। मेघवाल ने अपने स्तर पर जिला परिषद सदस्यों को एकत्र किया है। बताया जा रहा है कि उनके साथ करीब 10 सदस्य हैं।

भाजपा: सामान्य महिला को बनाने की रणनीति

उधर, भाजपा के पास जीत की संभावना कम होने के बावजूद पार्टी सामान्य वर्ग से प्रत्याशी उतारने की रणनीति पर काम कर रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा, देहात अध्यक्ष श्याम पंचारिया और श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत मिलकर प्रत्याशी का नाम तय कर रहे हैं। भाजपा की रणनीति सामान्य महिला के लिए आरक्षित जिला प्रमुख पद पर सामान्य वर्ग की महिला को ही उम्मीदवार बनाने की है। वर्तमान में भाजपा के पास सामान्य वर्ग से केवल दो सदस्य हैं, जिनमें श्रीडूंगरगढ़ की सुरेश कंवर भी शामिल हैं। देहात भाजपा अध्यक्ष श्याम पंचारिया ने बताया कि पार्टी प्रत्याशी तय करने में जुटी है। कोशिश रहेगी कि सामान्य वर्ग से ही उम्मीदवार मैदान में उतारा जाए।

अलग-अलग जगहों पर कांग्रेस की बाड़ेबंदी

कांग्रेस में जिला प्रमुख पद को लेकर अलग-अलग गुट सक्रिय हैं और सदस्यों की बाड़ेबंदी भी अलग-अलग जगहों पर की गई है। कांग्रेस नेता गोविंदराम मेघवाल ने अपने फार्म हाउस पर जिला परिषद सदस्यों को एकत्र किया था। वहीं, सुशीला डूडी गुट के सदस्य पहले नोखा विधायक के निवास पर एकत्र हुए थे। बाद में उन्हें दूसरी जगह भेज दिया गया। जिला प्रमुख और उप जिला प्रमुख दोनों पदों के लिए बुधवार को ही निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होगी।

जज के घर चोरी, महिला होमगार्ड गिरफ्तार

ससुराल गई थीं मजिस्ट्रेट, पिता घर पहुंचे तो कैश-ज्वेलरी गायब मिली

जूम न्यूज ▶▶| झुंझुनूं

झुंझुनूं में नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स कोर्ट (NI) की मजिस्ट्रेट पूजा सिंह के घर चोरी के केस में पुलिस ने मंगलवार (24 नवंबर) को महिला होमगार्ड को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार चोरी 10 नवंबर को न्यू हाउसिंग बोर्ड में पूजा सिंह के बंद सरकारी क्वार्टर में हुई थी। सिंह के पिता 11 नवंबर को घर पहुंचे तो उन्हें चोरी की जानकारी मिली। इसके बाद मजिस्ट्रेट के पति डॉ संजीव ने करीब 22 लाख की ज्वेलरी और कैश की चोरी का मामला दर्ज कराया था। करीब 13 दिन की जांच के बाद चोरी के आरोप में महिला होमगार्ड भंवरी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस टीम ने महिला होमगार्ड के किराये के कमरे से चोरी किया



पूरा कैश और जेवर बरामद कर लिए हैं। पुलिस टीम ने महिला होमगार्ड के किराये के कमरे से चोरी किया पूरा कैश और जेवर बरामद कर लिए हैं। डीएसटी इंचार्ज हेमराज ने बताया कि मजिस्ट्रेट के पिता 11 नवंबर की सुबह जज के घर गए थे। पिता तेज सिंह जब सरकारी क्वार्टर पहुंचे तो मुख्य गेट खुला मिला। क्वार्टर का दरवाजा भी खुला था और गेट पर लगा ताला गायब था। अंदर एक कमरे की अलमारी खुली हुई थी। उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर गायब मिले। घर के मुख्य गेट और क्वार्टर के दरवाजे पर ताले लगे थे, लेकिन पुलिस को तोड़फोड़ के स्पष्ट निशान नहीं मिले। अंदर सामान भी बिखरा नहीं था और केवल अलमारी से ज्वेलरी-कैश गायब थे। इसलिए घर और वहां की व्यवस्था की जानकारी रखने वाले व्यक्ति पर शक गहराया था। जांच में सामने आया कि घर के दूसरे सामान को भी हाथ नहीं लगाया गया था। केवल अलमारी से जेवर गायब थे। इन परिस्थितियों में पुलिस को आशंका हुई कि वारदात में किसी ऐसे व्यक्ति का हाथ हो सकता है, जिसे सरकारी क्वार्टर की जानकारी हो और वहां तक पहुंचने का अवसर मिलता हो। इसलिए शक शुरू से ही मजिस्ट्रेट के क्वार्टर पर पोस्टेड होमगार्ड भंवरी पर था। डीएसटी इंचार्ज हेमराज की टीम को आरोपी के रीको एरिया के घर की की जांच में चोरी का सामान मिला। होमगार्ड भंवरी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि चोरी की वारदात में वह अकेली शामिल थी या उसका कोई भी साथी भी था।

झुंझुनूं: कांग्रेस नेता बोले- बाड़ाबंदी नहीं, हमारे बहुमत पास है

चुनाव से पहले 13 सदस्य शपथ लेने पहुंचे



जूम न्यूज ▶▶| झुंझुनूं

झुंझुनूं में जिला प्रमुख चुनाव से एक दिन पहले मंगलवार को जिला परिषद की राजनीति में हलचल देखने को मिली। कांग्रेस के 13 जिला परिषद सदस्य एक साथ बस में सवार होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्ट्रेट सभागार में एसडीएम रामकरण सिंह ने सभी सदस्यों को शपथ दिलाई और प्रमाण पत्र दिए। सदस्यों के एक साथ पहुंचने को जिला प्रमुख चुनाव से पहले कांग्रेस की एकजुटता के प्रदर्शन के तौर पर देखा जा रहा है। कांग्रेस के जिला परिषद सदस्य कांग्रेस नेता विद्याधर जयानी की अगुवाई में बस से कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां कलेक्ट्रेट सभागार में एसडीएम रामकरण सिंह ने सभी सदस्यों को शपथ दिलाई और प्रमाण पत्र प्रदान किए। शपथ ग्रहण के दौरान जिला प्रमुख चुनाव में चर्चित नामों में शामिल कांग्रेस की प्रवेश जानू और डॉ. रंजना सुधींद्र मुंड भी मौजूद रहीं। खलील बुडाना भी सदस्यों के साथ पहुंचे।

जेकेएलयू के दीक्षांत समारोह में 261 स्टूडेंट्स को मिली डिग्री





जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

जेके लक्ष्मीपत विश्वविद्यालय (जेकेएलयू) में 14वें दीक्षांत समारोह और संस्थापक दिवस में विभिन्न संकायों के 261 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। इनमें हरि शंकर सिंघानिया स्कूल ऑफ बिजनेस (एचएसबी) के पहले एमबीए बैच के 19 विद्यार्थी भी शामिल रहे। देश के 21 राज्यों और 70 शहरों से आए स्टूडेंट्स ने अपने परिवार और दोस्तों के साथ इस उपलब्धि का जश्न मनाया। समारोह में शिक्षा, तकनीक और बदलते कॉर्पोरेट वर्क कल्चर पर भी चर्चा हुई। मुख्य अतिथि एडवेंट इंटरनेशनल के ऑपरेटिंग पार्टनर और पेप्सिको इंडिया के पूर्व चेयरमैन एवं सीईओ शिव शिवकुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की समझ उन्हें करियर की शुरुआत में ही दूसरों से आगे निकलने का अवसर दे सकती है। शिव शिवकुमार ने कहा कि विद्यार्थियों ने ऐसे दौर में अपनी पढ़ाई पूरी की है, जब एआई कामकाज और उद्योगों की कार्यप्रणाली को तेजी से बदल रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में करीब 40 प्रतिशत सीईओ और 30 प्रतिशत बोर्ड सदस्य एआई के इस्तेमाल में सहज हैं, जबकि आज के विद्यार्थियों के पूरे बैच को इसका उपयोग करना आता है। यह उनके लिए करियर की शुरुआत में एक बड़ा लाभ साबित हो सकता है।

उन्होंने विद्यार्थियों को कार्यक्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन और सफलता हासिल करने के लिए छह महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि एआई से बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए स्पष्ट और सही सवाल पूछना जरूरी है। यदि किसी समाधान या तरीके से सहमत नहीं हैं तो केवल असहमति जताने के बजाय बेहतर विकल्प भी सुझाना चाहिए। इसके अलावा समय की पाबंदी, सहकर्मियों के साथ अच्छे संबंध बनाना, समस्याओं को सामने आने से पहले पहचानना और अपने लक्ष्यों के लिए पहले से तैयारी करना सफलता के महत्वपूर्ण आधार हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीक के साथ अपनी व्यक्तिगत क्षमताओं और निर्णय लेने की क्षमता को भी लगातार विकसित करने की सलाह दी। समारोह में विश्वविद्यालय के प्रबंधन बोर्ड और अकादमिक परिषद के सदस्यों के साथ इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट और डिजाइन संस्थानों के निदेशक मौजूद रहे। कुलाधिपति हर्ष पति सिंघानिया ने कहा कि संस्थापक दिवस विश्वविद्यालय की स्थापना के उद्देश्य और अब तक की यात्रा को याद करने का अवसर है।

ब्रीफ न्यूज

डिवाइडर से टकराई तेज रफ्तार कार, एक की मौत: युवक के सिर में चोट



जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

जयपुर में अनियंत्रित तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार तीन बार पलट गई। हादसे में कार सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि पांच घायल हो गए। घायलों में एक युवक की हालत गंभीर है। हादसे के बाद कार सवार एक युवक भाग गया। निवारू रोड बाइपास पर यह घटना सोमवार देर रात करीब 2 बजे हुई। करधनी थाने के एसआई मुकेश के अनुसार- कार में छह लोग सवार थे। हादसे में डीडवाना-कुचामन जिले के जसवंतगढ़ क्षेत्र के जैसलाना निवासी उदयपाल सिंह (29) की मौत हो गई। उसका शव कांवटिया अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। जहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार- वह घर जा रहे थे। इसी दौरान निवारू की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही कार अचानक डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर के बाद कार कई बार पलटी। हादसा इतना भीषण था कि कार में सवार तीन लोग उछलकर बाहर जा गिरे।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ बोले- सभी जिलों में प्रमुख का चुनाव लड़ेंगे

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा है कि पार्टी सभी 37 जिलों में जिला प्रमुख का चुनाव लड़ेगी। हम कोई भी स्थान क्यों छोड़ेंगे। चुनाव हर परिस्थिति में हमको लड़ना है। हम अपने बलबूते पर चुनाव लड़ेंगे। जो भी स्थिति होगी, उसका मुकाबला करेंगे। हार की समीक्षा के बाद जिला प्रभारियों पर कार्रवाई के सवाल पर मदन राठौड़ ने कहा- हम भी बचे हुए नहीं है, सब पर कार्रवाई होगी। वहीं, सत्ता-संगठन में फेरबदल के सवाल पर मदन राठौड़ ने कहा- हमारा काम है, जिस मोर्चे पर सैनिक को भेजा जाए। वहां उस मोर्चे पर अपना दायित्व निभाएं। यह सेनापति का काम है कि किस मोर्चे पर किसको भेजना है। डोटासरा और गहलोत के जिला परिषद सदस्यों को खरीदने के सवाल पर मदन राठौड़ ने कहा कि हॉर्स ट्रेडिंग तो अशोक गहलोत करते हैं। मदन राठौड़ ने कहा- कांग्रेस के नेता हमेशा हॉर्स ट्रेडिंग करते आए हैं। आपको पता है कि गहलोत जब मुख्यमंत्री बने तो अल्पमत में थे। बसपा के विधायकों को उन्होंने खरीदा था। कई निर्दलीय विधायकों और एक-दो अन्य पार्टियों के विधायकों को उन्होंने खरीदा था। हॉर्स ट्रेडिंग में माहिर तो वो लोग हैं। उन्हें जब डर लगा कि उनकी सरकार जाने वाली है।

किरोड़ी बोले-मंत्री की परफोर्मेंस कमजोर तो गाज गिरने का स्वागतः फिर चाहे मैं ही क्यों ने हूं, नीचे की ब्यूरोक्रेसी ने सही काम नहीं किया

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

पंचायत चुनाव परिणाम के बाद मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने कहा है कि अगर किसी मंत्री की परफोर्मेंस कमजोर रही है। उसमें मैं ही क्यों न हूं, उन पर गाज गिरती है तो मैं इसका स्वागत करूंगा। किरोड़ी ने कहा- मैं तो मेरी कह रहा हूं, किसी ओर की नहीं कह रहा हूं। केन्द्रीय नेतृत्व, संगठन अथवा मुख्यमंत्री को ऐसा लगता है कि परफोर्मेंस कमजोर है तो गाज गिरनी चाहिए।

मैं तो मंत्री आपके कार्यक्रम भी करता हूं। गांवों में भी जाता हूं, लोगों के सुख-दुख में भी शामिल होता हूं। लेकिन फिर भी हम इस स्थिति को पहले नहीं पहचान पाए। ऐसे में जो कमी रही है, उसको दूर करेंगे। पार्टी व सरकार को मजबूती देंगे। मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने कहा- मुझे लगता है कि हार की बड़ी वजह नीचे की ब्यूरोक्रेसी (जेईएन, ग्राम सेवक, पटवारी) रही है। हम उसे ठीक तरह से सक्रिय नहीं कर पाए। इसकी वजह से योजनाओं की डिलीवरी ढ़ग से नहीं हो पाई। इसके कारण नीचे के स्तर पर लोगों में असंतोष बढ़ता रहा, जिसे हम पहचान नहीं पाए और अचानक



से पाला पड़ गया। अब हम उस असंतोष को दूर करेंगे।

मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने कहा- मेरे बयान का मतलब यह था कि हमारा केंद्रीय नेतृत्व रणनीति बनाने में माहिर है। पश्चिम बंगाल में हम कभी नहीं सोचते थे कि बीजेपी प्रचंड बहुमत से लौटकर आएगी। बिहार और हरियाणा में भी नहीं सोचते थे, लेकिन वहां हमारी सरकार आ गई। यहां भी हमारी सरकार आएगी, इस बात का मुझे पूरा भरोसा है। हमारा केंद्रीय नेतृत्व हमारा मार्गदर्शन करेगा, वैसे हम काम करेंगे। कुछ हमारी कमियां रही होंगी, उनको हम दूर करेंगे। सीएम भजनलाल शर्मा ने विकास के बहुत काम करवाए हैं। उन पर तो अविश्वास का कोई कारण ही नहीं है। मेरा व्यक्तिगत रूप से उनमें पूरा विश्वास है।

दरअसल, सोमवार को किरोड़ी लाल मीणा ने कहा था कि कांग्रेस भ्रम में नहीं रहे। हरियाणा में 6 महीने पहले मनोहर लाल खट्टर को हटाकर नायाब सैनी को मुख्यमंत्री बनाया था और हमारी सरकार बन गई थी। उनके इस बयान को राजस्थान के संदर्भ में जोड़कर देखा जा रहा था, जिस पर आज उन्होने सफाई दी।

शादी समारोह से लाखों रुपए-सोने के गहने चोरी



स्टेज पर कुर्सी के नीचे रखा था बैग, दो मोबाइल भी थे; वीडियो मिला

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

जयपुर में शादी समारोह से लाखों, सोने के गहनों से भरा बैग चोरी हो गया। बैग में दो मोबाइल भी थे। पूरे सामान की कुल कीमत करीब 15 लाख रुपए बताई जा रही है। एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें छोटा बच्चा बैग को उठाकर लेकर जाता दिख रहा है। घटना सिविल लाइंस स्थित SB मैरिज पैलेस की है। बैग स्टेज पर कुर्सी के नीचे रखा था। परिवार के लोग उनके साथ फोटो खिंचवा रहे थे। इस दौरान बैग चोरी हो गया। सदर थानाधिकारी यशवंत सिंह ने बताया कि वैशाली विहार, सिरसी रोड निवासी सुनीता यादव ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया कि 22 नवंबर को उनकी बेटी का लगन-सगाई समारोह SB मैरिज पैलेस में था। रात करीब 8:35 से 8:40 बजे के बीच स्टेज पर फोटो सेशन चल रहा था। इस दौरान कुर्सी के नीचे बैग रखा था, जो चोरी हो गया। बैग में करीब 1 लाख 95 हजार रुपए नकद और चार छोटे पर्स रखे थे। इसके अलावा सोने का हार, कान के टॉप्स, सोने की चेन, नोज पिन, ब्रेसलेट और अंगूठी भी थी। चोर चांदी की पायजेब, बिछिया और दो मोबाइल फोन भी ले गया। चोरी हुए सामान की कुल अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपए बताई गई है।

स्पाइसजेट की दुबई और मुंबई की दोनों फ्लाइट रही कैंसिल

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

जयपुर एयरपोर्ट से स्पाइसजेट की उड़ानों का संचालन लगातार प्रभावित हो रहा है। मंगलवार को भी एयरलाइन की दुबई और मुंबई की उड़ानें कैंसिल रहीं। इनमें इंटरनेशनल रूट की दुबई फ्लाइट SG-5123 और SG-5124 के साथ घरेलू रूट की मुंबई फ्लाइट SG-701 और SG-702 शामिल हैं। दोनों रूट की उड़ानें रद्द होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दुबई और मुंबई जैसे महत्वपूर्ण रूट पर उड़ानों का संचालन प्रभावित होने से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ रही हैं। खास बात यह है कि मुंबई रूट की फ्लाइट अब तक एक भी दिन संचालित नहीं हुई है, इसके बावजूद टिकट बुकिंग जारी है। जयपुर से दुबई जाने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट SG-5123 और दुबई से जयपुर आने वाली SG-5124 का संचालन पिछले कई दिनों से प्रभावित है। मंगलवार को भी दोनों उड़ानें कैंसिल रहीं। इस रूट पर फ्लाइट का निर्धारित शेड्यूल शाम 6:55 बजे जयपुर से दुबई रवाना होने और शाम 5:55 बजे दुबई से जयपुर पहुंचने का है।

जयपुर: जिला प्रमुख का चुनाव आज: बहुमत के बावजूद कांग्रेस को भीतरघात-क्रॉस वोटिंग का डर

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

जयपुर जिला प्रमुख के लिए चुनाव बुधवार को होगा। निर्वाचन प्रक्रिया सुबह 10 बजे नामांकन भरने से शुरू होगी। जरूरत पड़ी तो दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक वोटिंग करवाई जाएगी। वोटिंग के बाद ही काउंटिंग करके रिजल्ट जारी किया जाएगा। इस चुनाव में बीजेपी के पास बहुमत नहीं है। इसके बावजूद कांग्रेस सतर्क है। कांग्रेस के 42 सदस्य जीते हैं। वहीं भाजपा के 12 सदस्य जीते हैं। इसके अलावा आरएलपी को 2 सीट मिली हैं।

साल 2021 में जिला प्रमुख के चुनाव में कांग्रेस ने बहुमत हासिल किया था। राज्य में सत्ता भी कांग्रेस की थी। इसके बावजूद कांग्रेस ने जिला प्रमुख की कुर्सी गंवा दी थी। पिछले अनुभव को देखते हुए कांग्रेस के लिए इस बार भी सबसे बड़ी चिंता यही है, क्योंकि इस बार राज्य की सत्ता में भाजपा है। हालांकि कांग्रेस ने इस बार 57 में से 42 सीटें जीतकर अपनी स्थिति को भले ही मजबूत बना लिया हो, लेकिन क्रॉस वोटिंग और भीतरघात कहीं कांग्रेस को इस बार भी जिला प्रमुख के चुनाव में कहीं झटका न दे दे।



भाजपा बहुमत से दूर, RLP को मिला ले तब भी चाहिए 14 सदस्य

वर्तमान में अगर भाजपा और RLP के सभी सदस्य एकजुट हो जाएं, तब भी जिला प्रमुख की सीट के लिए कम से कम 14 कांग्रेस सदस्यों का समर्थन चाहिए। ऐसे में देखना होगा। क्या इस बार कांग्रेस अपना बहुमत होते हुए भी जिला प्रमुख की सीट बचा पाएगी या फिर जयपुर की ग्रामीण सत्ता में कोई नया सियासी खेल होगा। बता दें कि पिछली बार कांग्रेस का बहुमत था। हालांकि आखिरी समय में भाजपा के सपोर्ट से रमा देवी जिला प्रमुख बन गई थी।

कलेक्टर ने लिया तैयारियों का जायजा

जिला कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी संदेश नायक ने जिला परिषद सभागार में मंगलवार को जाकर वहां होने वाले चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। जिला परिषद मुख्यालय में बुधवार को वोटिंग करवाई जाएगी। नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया भी यहीं होगी। इसे देखते हुए यहां सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया- जिला प्रमुख के लिए सुबह 10 से 11 बजे नामांकन भरने के बाद सुबह 11:30 बजे नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। दोपहर 1 बजे तक नाम वापसी का समय रहेगा।

न्यू सांगानेर रोड पर कार्रवाई से पहले पट्टों की होगी जांचः मंत्री खर्रा ने जेडीए से मांगी रिपोर्ट

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

जयपुर के न्यू सांगानेर रोड चौड़ीकरण मामले में अब कार्रवाई से पहले प्रभावित निर्माणकर्ताओं के दस्तावेजों की जांच की जाएगी। जेडीए की ओर से सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे बाकी निर्माणकर्ताओं के पट्टों और अन्य दस्तावेज की जांच की जाएगी। इसके बाद ही तय होगा कि किन निर्माणों को अवैध अतिक्रमण मानते हुए कार्रवाई के दायरे में लिया जाना है।

इस मामले में व्यापारियों और स्थानीय लोगों की नाराजगी के बीच यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने मंगलवार को जेडीए और नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर मामले की जानकारी ली।



मंत्री खर्रा के जयपुर स्थित आवास पर हुई बैठक में जेडीए सचिव गौरव सैनी सहित नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री खर्रा के आवास पर हुई बैठक में सड़क चौड़ीकरण के लिए किए डिमार्केशन, सड़क के प्रस्तावित अलाइनमेंट और प्रभावित मकानों और कॉमर्शियल संस्थानों की स्थिति पर चर्चा हुई। मंत्री ने अधिकारियों से अब तक की कार्रवाई और प्रभावित लोगों की आपत्तियों की जानकारी ली।

मंत्री खर्रा ने जेडीए सचिव और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित लोगों के दस्तावेज का अध्ययन करें। जिन निर्माणकर्ताओं के दस्तावेजों की जांच अभी बाकी है। उनके पट्टों और संबंधित रिकॉर्ड की जांच कर स्थिति स्पष्ट की जाए। अधिकारियों को सभी तथ्यों को शामिल करते हुए रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश भी दिए।

इस जांच के आधार पर स्पष्ट होगा कि सड़क चौड़ीकरण की प्रस्तावित सीमा में आने वाले कौन से निर्माण वैध हैं। कहां अतिक्रमण की स्थिति है। दस्तावेज की जांच और रिपोर्ट के बाद ही कार्रवाई की दिशा तय होगी। न्यू सांगानेर रोड चौड़ीकरण को लेकर व्यापारियों और स्थानीय लोगों की मुख्य आपत्ति जेडीए और नगर निगम के पट्टेधारी मकानों पर किए गए डिमार्केशन और सड़क के प्रस्तावित अलाइनमेंट को लेकर है। प्रभावित लोगों ने कहा- पट्टे और अन्य दस्तावेज होने के बावजूद उनके निर्माणों को चौड़ीकरण की जद में लिया जा रहा है। इसे लेकर व्यापारियों ने आपत्तियां और मांगें प्रशासन के सामने रखी हैं।

व्यापारियों की मांग है कि कार्रवाई से पहले सभी दस्तावेजों की निष्पक्ष जांच हो और सड़क की सीमा और अलाइनमेंट को लेकर स्थिति स्पष्ट की जाए। उन्होंने कहा- वैध पट्टों और निर्माणों से जुड़े मामलों का निस्तारण किए बिना कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। इससे पहले पूर्व यूडीएच मंत्री राजपाल सिंह शेखावत ने सोमवार को मौके पर पहुंचकर प्रभावित व्यापारियों और स्थानीय लोगों से बातचीत की थी।

400 करोड़ रु. की स्क्रिप चोरी में आरोपी गिरफ्तार

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

400 करोड़ रुपए की फर्जी डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (DSC) आधारित ई-स्क्रिप्स चोरी के मामले में जयपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। साइबर थाना पुलिस ने 9 महीने से फरार चल रहे आरोपी ज्ञान रंजन स्वैन (38) को गुजरात से गिरफ्तार किया है। आरोपी मुख्य आरोपियों के साथ मिलकर चोरी की गई ई-स्क्रिप्स अपने ICEGATE अकाउंट में ट्रांसफर करवाता था। इसके बाद इन्हें इंपोर्टर्स को बेचकर मिलने वाली रकम आपस में बांट लेते थे। आरोपी के अकाउंट से करीब 80 करोड़ रुपए की ई-स्क्रिप्स ट्रांसफर होने का रिकॉर्ड मिला है। इस मामले में अब तक 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर डॉ. रामेश्वर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी ज्ञान रंजन स्वैन पुत्र जयराम स्वैन निवासी ओडिशा हाल दिल्ली है।

हाईकोर्ट ने सरकार पर लगाया 50 हजार रुपए का जुर्माना

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान सरकार पर 50 हजार का जुर्माना लगाया है। सरकार ने प्रदेश के पारिवारिक न्यायालयों से जुड़ी



जनहित याचिका में 6 साल से जवाब पेश नहीं किया था। इस पर नाराजगी जताते हुए कोर्ट ने सरकार पर जुर्माना लगा दिया।

मुख्य न्यायाधीश संजय के. अग्रवाल की खंडपीठ ने यह निर्देश 'जागो जनता सोसायटी' की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि यह PIL साल 2011 से चल रही है। हाईकोर्ट ने 29 अगस्त 2019 को राज्य सरकार को प्रदेश के फैमली कोर्ट में आधारभूत सुविधाओं के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए थे। वहीं 6 साल बाद भी राज्य सरकार ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। अदालत ने जुर्माना लगाते हुए मुख्य सचिव को मामले में शपथ पत्र पेश करने के निर्देश दिए हैं।

फैमली कोर्ट में सुविधा विस्तार के दिए थे निर्देश

दरअसल, हाईकोर्ट ने साल 2019 में सरकार को निर्देश दिए थे कि वह प्रदेश के फैमली कोर्ट्स में कोर्ट रूम्स, एडवोकेट चैम्बर, पक्षकार और वकीलों के लिए कैंटीन, शौचालय की सुविधा, रिकॉर्ड रूम, बार रूम सहित अन्य सुविधाओं के लिए उपलब्ध स्थान की मौजूद स्थिति बताएं। वहीं हर जिले में फैमली कोर्ट में उपलब्ध सुविधाओं का तुलनात्मक विवरण भी सारणी सहित दें। सरकार ने इसका संतोषजनक जवाब पेश नहीं किया।

दिव्या मदेरणा बोलीं-ज्यादा सदस्यों के समर्थन वाले को मिले टिकट: पूर्व सीएम से की बातचीत; कांग्रेस में जिला प्रमुख उम्मीदवार पर बैठकों का दौर जारी

जूम न्यूज ▶▶| जोधपुर





जोधपुर में जिला प्रमुख के उम्मीदवार के चयन को लेकर कांग्रेस में चर्चाओं का दौर जारी है। ओसियां की पूर्व विधायक दिव्या मदेरणा ने मंगलवार को सर्किट हाउस पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से करीब एक घंटे मुलाकात की। मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते उन्होंने कहा कि जिला परिषद में कांग्रेस का बोर्ड बनेगा। मीडिया से बातचीत के बाद दिव्या मदेरणा पूर्व सीएम से मिलीं। इसके कुछ समय बाद दोनों अलग-अलग गाड़ियों से सर्किट हाउस से रवाना हुए। जानकारी के अनुसार- शहर के बाहरी इलाके में नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्यों को ठहराया गया है। पूर्व सीएम गहलोत और पूर्व विधायक दिव्या मदेरणा उनसे बातचीत करने होटल गए हैं।

पूर्व विधायक दिव्या मदेरणा ने कहा- पूरे राजस्थान में ग्रामीण क्षेत्रों के चुनाव परिणामों ने सरकार की मिसगवर्नेंस, प्रशासनिक विफलता, अराजकता और नगर निगम चुनाव के दौरान पुलिस की बर्बरता का जवाब दिया है। जनता ने भाजपा की कार्यशैली के खिलाफ रुख स्पष्ट कर दिया है।

उन्होंने कहा कि जोधपुर में कांग्रेस को एकतरफा और भारी बहुमत मिला है, उसके लिए पूर्व सीएम गहलोत ने बुलाया था। उन्होंने कहा कि इससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है। इसे बनाकर रखने और कांग्रेस को मजबूत करने पर चर्चा हुई है।

दिव्या मदेरणा ने कहा- जोधपुर में कांग्रेस का जिला प्रमुख बनने को लेकर कोई संशय नहीं है। जिला प्रमुख के चुनाव में पार्टी में दावेदारी और राजनीतिक महत्वाकांक्षा को लेकर उन्होंने कहा कि राजनीति में महत्वाकांक्षा होना स्वाभाविक है। सभी को अपनी दावेदारी पेश करनी चाहिए, लेकिन पार्टी में अमृत मंथन के बाद उसी व्यक्ति को टिकट मिलना चाहिए, जिसके साथ सबसे ज्यादा सदस्य हों। उन्होंने विश्वास जताया कि कांग्रेस का बोर्ड बनेगा और एकतरफा बहुमत के साथ बनेगा। पूर्व विधायक दिव्या मदेरणा ने कहा- इस जीत को केवल जिला प्रमुख या पंचायतीराज चुनाव तक सीमित नहीं रखना चाहिए। यह उत्सव से ज्यादा जिम्मेदारी है। कांग्रेस को अब साल 2028 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटना होगा, ताकि जोधपुर की सभी सीटों पर कांग्रेस जीत हासिल कर सके।

पूर्व विधायक दिव्या मदेरणा ने हतुंडी गांव की घटना का जिक्र करते हुए कहा- खेत में ट्रांसफॉर्मर उतारने का विरोध करने वाली किसान की नाबालिग बेटी को जेल में डाल दिया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की विजिलेंस संबंधी सीटें फड़वाने, कांग्रेस विचारधारा वाले सरपंचों को प्रताड़ित करने और सार्वजनिक समस्याएं उठाने वालों को धारा 151 में गिरफ्तार कर पिटाई करने जैसे आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जनता ने सत्ता की तानाशाही और बंदरबांट का मुंहतोड़ जवाब दिया है।

2028 के चुनाव को बताया फाइनल

उन्होंने कहा- चुनाव परिणामों के आंकड़े खुद तस्वीर बयां कर रहे हैं। कांग्रेस ने सेमीफाइनल ही नहीं जीता, बल्कि ऐसे प्रदर्शन के साथ आगे बढ़ी है कि साल 2028 के फाइनल में भी पार्टी की जीत स्पष्ट नजर आ रही है। प्रदेश में कांग्रेस की टीम के सामने कोई दूसरी टीम टिक नहीं पाएगी। उन्होंने कहा- अब उनका लक्ष्य गांव, गरीब और अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के लिए काम करना और साल 2028 में कांग्रेस को मजबूत बनाना है।

पूर्व सीएम गहलोत से पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़, पाली से सांसद प्रत्याशी रहीं संगीता बेनीवाल, पूर्व विधायक महेंद्र बिश्नोई ,कुसुम बिश्नोई, देहात जिलाध्यक्ष एवं भोपालगढ़ विधायक गीता बरवड़ सहित कई नेताओं ने मुलाकात की। वहीं गहलोत सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं से भी मिले।

ब्रीफ न्यूज

जोधपुर में कमीशन लेकर ट्रेन के तत्काल टिकट बनवाए, युवक पकड़ा



जूम न्यूज ▶▶| जोधपुर

रेलवे में तत्काल टिकटों की दलाली के मामले में आरपीएफ ने जोधपुर रेलवे आरक्षण केंद्र से युवक को पकड़ा है। युवक को तीन यात्रियों के टिकट बनवाने पर छह सौ रुपए कमीशन देने का लालच दिया गया था। टीम ने 2,280 रुपए कीमत के टिकट जब्त किए हैं। आरपीएफ के उप निरीक्षक धर्मेन्द्र और मंडल वाणिज्य निरीक्षक रतनसिंह ने आरक्षण केंद्र पर संयुक्त जांच अभियान चलाया। इस दौरान तत्काल टिकट बनवाकर जा रहे शोयल उर्फ शाहिद (18) को रोककर पूछताछ की गई। जांच में सामने आया कि युवक ने कमीशन के लालच में तीन यात्रियों के तत्काल टिकट बनवाए थे। आरपीएफ के अनुसार पूछताछ में युवक ने बताया कि तौफीक खान ने जयपुर से बोरीवली जाने वाले तीन यात्रियों के टिकट बनवाने पर प्रति यात्री दो सौ रुपए कमीशन देने का लालच दिया था। युवक ने जोधपुर आरक्षण केंद्र से तीनों टिकट बनवाना स्वीकार किया। टीम ने 2,280 रुपए मूल्य के टिकट जब्त कर लिए। आरपीएफ पोस्ट जोधपुर में रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को बीएनएसएस की धारा 35(3) के तहत नोटिस देकर छोड़ दिया गया।

सीकर में 9 लाख कीमत के चाइनीज मांझे की 1500 चरखियां जब्त

जूम न्यूज ▶▶| सीकर

सीकर में मंगलवार को चाइनीज मांझे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चाइनीज मांझे के 25 कार्टन जब्त किए। इनमें पुलिस को 1500 चरखी मिली हैं। जो सीकर शहर में सप्लाई होनी थी। लेकिन पुलिस ने पहले ही इन्हें जब्त कर लिया। इनकी मार्केट वैल्यू 9 लाख रुपए से ज्यादा है। कोतवाली थाना SHO सुनील कुमार जांगिड़ ने बताया- मकर संक्रांति के दौरान पहले भी चाइनीज मांझे से लोगों और पक्षियों के घायल होने की घटनाएं सामने आ चुकी है। इस बार दिवाली पर्व के पहले से ही टीम लगातार शहर में चाइनीज मांझे की बिक्री और सप्लाई पर निगरानी बनाए हुए थी। इसी बीच पुलिस थाने के कांस्टेबल दलीप भामू को मुखबिर से सूचना मिली कि गुलाबदास बगीची के पास चाइनीज मांझे के करीब दो दर्जन कार्टून रखे हुए हैं। इस सूचना पर सब इंस्पेक्टर प्रदीप शर्मा और कॉन्स्टेबल शंकरलाल यादव, दिनेश डोटासरा, दलीप भामू मौके पर पहुंचे। जहां लावारिस हालत में 25 कार्टून सड़क किनारे पड़े मिले। जब उनकी तलाशी ली गई तो सभी कार्टन में मिलाकर कुल 1500 चाइनीज मांझे की चरखी मिली। इन्हें BNSS की धारा 106 में जब्त कर लिया गया। पुलिस अब इन चाइनीज मांझे की चरखियों का पता लगाने में जुटी हुई है।

कार्तिक पूर्णिमा पर ब्रह्म सरोवर में महास्नान:देशभर से पहुंचे श्रद्धालु, समापन पर मटका दौड़, कच्ची-घोड़ी नृत्य से लेकर हॉर्स शो का आयोजन

जूम न्यूज ▶▶| अजमेर





कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पुष्कर में दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने महास्नान कर आस्था की डुबकी लगाई। इसके साथ ही मेले का समापन हो गया है। मेले में मटका दौड़ से लेकर कच्ची घोड़ी नृत्य, हॉर्स शो, कला जत्था और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। मेले के दौरान हुई विभिन्न पशु प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया।

समापन कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, कैबिनेट मंत्री सुरेश रावत और केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी भी पहुंचे और अलग-अलग प्रतियोगिताओं में जीतने वालों को सम्मानित किया गया। अंत में अजमेर पुलिस की ओर से हॉर्स शो का आयोजन किया गया। इसमें जवानों ने घोड़ों पर रोमांचक करतब दिखाए। इसी के साथ आज पुष्कर मेले का समापन हो गया है वहीं कार्तिक पूर्णिमा पर ब्रह्म सरोवर में महास्नान आज दिन-भर चलता रहेगा।

बिना सी-फॉर्म ठहराई विदेशी युवतियां, केस दर्ज

जूम न्यूज ▶▶| जोधपुर

जोधपुर के राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र में होटल A 1 में विदेशी युवतियों के पकड़े जाने के मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज हुई है। SSB जोन जोधपुर के सब इंस्पेक्टर प्रेम सिंह ने आरोपी अनिल कुमार पुत्र पितांबर माहेश्वरी निवासी श्याम नगर पाल रोड के खिलाफ बिना सी फॉर्म के विदेशी युवतियों को अपने होटल में ठहराने को लेकर मामला दर्ज करवाया है।

बता दें कि रविवार को CST टीम ने होटल पर दबिश दी थी। इस दौरान 7 विदेशी युवतियों को पकड़ा गया था। जिन्हें बिना C फॉर्म के रोका गया था। इसके अलावा मौके से 7 जनों को शांति भंग की धाराओं में पकड़ा गया था। आरोपी अनिल माहेश्वरी पहले भी कई मामले में तीन बार पकड़ा जा चुका है। पिछले साल दिसंबर में सरदारपुरा पुलिस ने वन मोर स्पा सेंटर पर कार्रवाई की। पुलिस ने मौके से 10 थाईलैंड की युवतियों और एक नेपाल की युवती को शांति भंग में गिरफ्तार किया था। मौके से अनिल माहेश्वरी फरार हो गया था। रविवार को हुई कार्रवाई में भी पुलिस ने मामले में संचालक अनिल माहेश्वरी (33) पुत्र पितांबर माहेश्वरी, निवासी बागोड़ा जिला जालोर, हाल पाल रोड, जोधपुर, जगदीश (51) पुत्र गंगाराम खत्री, निवासी चेराई, थाना ओसियां, जोधपुर ग्रामीण, मनोज कुमार (36) पुत्र फुलचंद भील, निवासी प्लॉट नंबर 76, कच्ची बस्ती, राजीव गांधी कॉलोनी, कुड़ी भगतासनी, जोधपुर, प्रभुलाल भील (25) पुत्र लालाराम भील, निवासी कल्याणपुर, थाना सराणा, जिला अजमेर, हनुमान भील (22) पुत्र लालाराम भील, निवासी कल्याणपुर, थाना सराणा, जिला अजमेर, अनिल (20) पुत्र सोहनलाल जाट, निवासी सारण नगर, बनाड़ रोड, थाना बनाड़, जोधपुर पूर्व, संदीप प्रजापत (19) पुत्र श्यामलाल प्रजापत, निवासी मानपुरा, थाना कुड़ी भगतासनी, जोधपुर पश्चिम को गिरफ्तार किया था।

जालोर: घर में घुसकर महिला से मारपीट, घरेलू सामान ले गए

जूम न्यूज ▶▶| जालोर

जालोर के पाणीया नाडा क्षेत्र में एक महिला ने 4-5 अन्य लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने और कपड़े खींचकर अर्द्धनग्न करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने उसका रहने का ओलिया तोड़ दिया और खाट सहित घरेलू सामान भी लेकर चले गए। इस संबंध में पीड़िता SP से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

पीड़िता ने परिवाद में बताया - 15 नवंबर को शाम करीब 7 बजे वह आटा लेने चक्की गई थी। वापस घर पहुंची तो पहले से घात लगाकर बैठे आरोपी घर में घुस गए। झोपड़ी नहीं हटाने की बात को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी और उसके साथ मारपीट की। पीड़िता के अनुसार, विरोध करने पर वह शोर मचाते हुए पास में रहने वाले अपने ससुर के घर चली गई। इस दौरान आरोपी उसका रहने का ओलिया तोड़कर खाट सहित घरेलू सामान लेकर चले गए।

सोलर प्लांट में लूट का आरोपी रिमांड पर, मुख्य आरोपी ने लालच देकर करवाई रेकी

जूम न्यूज ▶▶| जोधपुर



जोधपुर के खारी खुर्द स्थित सोलर प्लांट में रात के समय फाटक तोड़कर घुसने, सुरक्षा गार्डों के साथ मारपीट करने और सामान लूटने के मामले में करवड़ थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस मामले में अब तक 7 आरोपियों को पकड़ा जा चुका है। जिनमें से तीन आरोपी पुलिस की रिमांड पर है। जबकि अन्य को जेल भिजवाया गया है।

थाना अधिकारी परमेश्वरी ने बताया कि पुलिस मामले में आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। इनमें से मुख्य आरोपी राजूसिंह है। जिसने अन्य आरोपियों को लालच देकर अपने साथ वारदात में शामिल करवाया था। इस मामले में जयसिंह और जितेंद्र सिंह ने सोलर प्लांट की रेकी की थी। जिस पर उन्हें भी पकड़ा गया। इधर पुलिस की अब तक की पड़ताल में सामने आया की मुख्य आरोपी राजूसिंह शातिर है। पूर्व में भी उसका आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। चोरी या लूट के बाद माल को अलग अलग जगहों पर कबाड़ी को बेच देते थे।

इन्हें किया था गिरफ्तार

पुलिस ने इस मामले में सबसे पहले महावीर सिंह उर्फ MD (21) पुत्र स्वर्गीय देरावर सिंह निवासी भुरजगढ़ फलसूंड जिला जैसलमेर को गिरफ्तार किया था। इसके बाद पुलिस ने 21 नवंबर को राजू सिंह पुत्र गोपाल सिंह (29) निवासी बख्तावरसिंह की ढाणी, कुई इंदा बालेसर, विक्रम सिंह पुत्र हरिसिंह (20), निवासी राजपूतों का बास सेतरावा शेरगढ़, रावल सिंह उर्फ राहुल पुत्र जगदीश (21), निवासी भार्गव कॉलोनी तिंवरी पुलिस थाना मथानिया की गिरफ्तार किया। इसके बाद 23 नवंबर को जयसिंह पुत्र धुलसिंह (20) निवासी भवाद, पुलिस थाना करवड़, जितेंद्र सिंह पुत्र उम्मेद सिंह (30) निवासी भवाद व राधेश्याम पुत्र द्वारकादास वैष्णव (22) साल निवासी तिबानिया पुलिस थाना मंडली, जिला बालोतरा को गिरफ्तार किया है।

जोधपुर: जिला प्रमुख के लिए कांग्रेस से जाट उम्मीदवार संभव:सात नामों पर चर्चा; भाजपा के पास बहुमत नहीं

जूम न्यूज ▶▶| जोधपुर



जोधपुर जिला प्रमुख पद को लेकर बुधवार को चुनाव होंगे। इसे लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। भाजपा और कांग्रेस से जिला प्रमुख के पद का दावेदार कौन होगा। इसके लिए सरगर्मियां शुरू हो चुकी हैं। बताया जा रहा है कि कांग्रेस इस बार भी हमेशा की तरह जाट प्रत्याशी पर दांव खेल सकती है। कांग्रेस में 7 जाट प्रत्याशियों को लेकर चर्चा चल रही है।

वहीं भाजपा में जिला प्रमुख के दावेदार को लेकर अब भी संशय चल रहा है। इसका कारण है कि इन चुनाव में भाजपा के पास केवल 8 सीटें ही हैं। जबकि जिला प्रमुख बनाने के लिए कुल 22 मेंबर चाहिए। ऐसे में माना जा रहा है कि भाजपा एनवक्त पर नाम घोषित कर सकती है। दरअसल, कांग्रेस में इस बार 11 से ज्यादा जिला परिषद सदस्य जाट समुदाय से जीत कर आए हैं। इनमें पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़ की रिश्तेदार और पूर्व सरपंच प्रमिला चौधरी, पूर्व सरपंच सरोज कंवर, जोधपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव डॉ. राकेश चौधरी, रूगाराम का नाम प्रमुखता से चल रहा है। बताया जा रहा है कि मदेरणा परिवार की ओर से बिरमाराम बेरड़ का नाम आगे किया है।

इन सभी के अलावा यदि सहमति नहीं बन पाती है तो कांग्रेस के पास दूसरा विकल्प ये भी है कि वह किसी विश्नोई प्रत्याशी को दावेदार बनाए। इनमें पूर्व उप जिला प्रमुख विक्रम विश्नोई की मां कुसुम विश्नोई और भाजपा देहात जिलाध्यक्ष को हराने वाले ओमप्रकाश विश्नोई का नाम आ सकता है। दरअसल, पश्चिमी राजस्थान में जाट वोटर्स को साधने के लिए कांग्रेस अलग-अलग जिलों से प्रत्याशियों की स्क्रूटनी कर रही है। बताया जा रहा है कि पश्चिमी राजस्थान के कुछ जिलों में विश्नोई और जाट वोटर्स को साधने का कांग्रेस प्रयास कर रही है। यदि आस-पास के जिलों में विश्नोई समुदाय से प्रत्याशी फाइनल हो जाता है तो बाकी जगह से जाट समुदाय से प्रत्याशी फाइनल कर सकती है।

इधर, भाजपा में जिला प्रमुख के पद को लेकर अब भी संशय चल रहा है। इसका कारण ये है कि भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं है। जोधपुर जिले में कुल 43 में से केवल 8 मेंबर्स ही चुनाव जीत कर आए हैं। वहीं RLP के 3 सदस्य हैं। यदि इनका भी समर्थन मिलता है तो 11 ही मेंबर्स होते हैं। वहीं समर्थन के लिए कुल 22 मेंबर्स चाहिए। रिटर्निंग अधिकारी आलोक रंजन ने बताया- जिला परिषद जोधपुर के प्रमुख पद के निर्वाचन के लिए संबंधित निर्वाचित सदस्यों की बैठक बुधवार सुबह 10 बजे अटल सेवा केंद्र के फर्स्ट फ्लोर पर होगी। सुबह 11 बजे तक नॉमिनेशन का समय रहेगा और 11:30 बजे तक स्क्रूटनी होगी। नाम विड्रॉल का समय दोपहर 1 बजे तक रहेगा। इसके बाद कैंडिडेट की लिस्ट जारी कर चुनाव चिह्न का आवंटन किया जाएगा। मतदान का समय दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक रहेगा। इसके बाद परिणाम जारी कर दिया जाएगा।

जालोर जिले में पिछले साल के मुकाबले इस बार सर्दी कमजोर

जूम न्यूज ▶▶| जालोर

जालोर में नवंबर के दूसरे पखवाड़े में इस बार सर्दी की रफ्तार पिछले साल के मुकाबले धीमी रही। 15 से 23 नवंबर के तापमान आंकड़ों की तुलना में रात का न्यूनतम तापमान पिछले साल से 6.3 से 13.7 डिग्री तक ज्यादा दर्ज किया गया। पिछले साल न्यूनतम तापमान 7 से 8.9 डिग्री के बीच था, जबकि इस बार यह 14.1 से 22.6 डिग्री के बीच रहा। दिन के तापमान में भी बढ़ोतरी हुई और अधिकतम पारा 32.6 डिग्री तक पहुंचा। इसके चलते सुबह और रात में ठंड का असर पिछले साल की तुलना में कम रहा। इस बार 15 नवंबर को जालोर में अधिकतम तापमान 32.6 और न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री दर्ज किया गया था। इसके सात दिन बाद 21 नवंबर को अधिकतम तापमान घटकर 29.6 और न्यूनतम तापमान 14.1 डिग्री पर पहुंच गया।

लाखोटिया महादेव को 1.11 लाख रुपए के नोटों से सजाया



जूम न्यूज ▶▶| पाली

पाली शहर के लाखोटिया महादेव मंदिर में सोमवार शाम अन्नकूट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लाखोटिया महादेव का 1 लाख 11 हजार रुपए के नोटों से मनमोहक श्रृंगार किया गया, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। भगवान महादेव को अन्नकूट का भोग लगाने के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। रविवार शाम को भी 201 किलो फलों से विशेष श्रृंगार किया गया था।

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए सपा कांग्रेस में बात

दूसरे दिन की भी बातचीत रही बेनतीजा, तालमेल के लिए जल्द ही दो और बैठकें, सीट दर सीट हो रहा समीकरणों और 'जीत' का अध्ययन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/लखनऊ

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर मंगलवार को लगातार दूसरे दिन की बातचीत बिना किसी ठोस नतीजे को खत्म हो गई और तालमेल को अंतिम रूप देने के लिए जल्द ही दो और बैठकें होंगी।

दोनों दलों ने चर्चा को सकारात्मक बताते हुए कहा कि अगले दो दौर की बैठकों में सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। सपा महासचिव रामगोपाल



यादव ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि दोनों दलों के बीच सीट-दर-सीट चर्चा हुई और बातचीत सकारात्मक माहौल में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में विधानसभा की 403 सीटें हैं और अभी सभी सीटों पर चर्चा पूरी नहीं हो पाई है।

अंतिम फैसले तक वार्ता चलती रहेगी

यादव ने कहा कि आप भरोसा रखिए कि गठबंधन की अगली दो बैठकों के बाद हम लोग अपनी चर्चा पूरा कर लेंगे। किसी ने अभी सीटों की मांग नहीं की है। हम सब सीटों पर चर्चा कर रहे हैं। वार्ता तब तक चलती रहेगी, जब तक अंतिम फैसला नहीं हो जाता है। वहीं सपा सांसद राजीव राय ने सपा-कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग के विषय पर बताया कि सीट दर सीट बातचीत हुई है।

सपा ने 5 प्रत्याशी घोषित किए: सपा ने देर रात बेहट,सहारनपुर,कैराना,अमरोहा और ललितपुर के प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं।

अवधेश ने विवाद से किया इनकार



सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने भी सीटों के बंटवारे को लेकर किसी तरह के विवाद से इनकार किया। उन्होंने कहा कि फिलहाल जो बैठक हो रही है, वह इसी मुद्दे पर है। अवधेश प्रसाद ने भरोसा जताया कि सीटों का बंटवारा आसानी से सुलझा लिया जाएगा। उनके अनुसार दोनों दलों के बीच सीटों को लेकर कोई विवाद नहीं है और बातचीत के जरिए सभी मुद्दों का समाधान निकाल लिया जाएगा।

कांग्रेस ने जाहिर की नाराजगी

मैं किसी से भीख नहीं मांग रहा: मसूद



इस प्रस्ताव को लेकर कांग्रेस नेता इमरान मसूद ने अपनी नाराजगी जाहिर की है। सपा की ओर से कांग्रेस को 26 सीटें ऑफर किए जाने की चर्चा के बीच कांग्रेस नेता इमरान मसूद ने कहा कि मुझे तो पता नहीं कब दे रही है, मैं तो किसी से भीख नहीं मांग रहा हूं। मैं किसी से किसी भी चीज के लिए भीख नहीं मांग रहा हूं। सीटें मांगने और गठबंधन में सहयोग करने के बीच अंतर होता है। गठबंधन में किसी को कुछ मांगने की जरूरत नहीं पड़ती, बल्कि दोनों दल आपसी सहमति और सहयोग से फैसला करते हैं। गठबंधन के भीतर यह आपसी सहयोग की बात होती है। हम बैठकर इस पर चर्चा करेंगे।

जल्दी अंतिम निर्णय ले लेंगे: गौतम



उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने सीट शेयरिंग को लेकर हुई दूसरे दौर की बैठक पर कहा कि अगली 2बैठकों के अंदर पूरा निर्णय ले लिया जाएगा। काफी सीटों पर चर्चा हो चुकी है। 1-1 सीट पर डेटा के साथ बातचीत हुई है। निश्चित है कि दोनों पार्टियां सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ रही हैं। अगली दो बैठकों में हम लोग इसे संपन्न कर लेंगे और हमारा समझौता हो जाएगा।

खबर संक्षेप

रेड्डी हैदराबाद में 'नशामुक्त भारत' पदयात्रा निकालेंगे



हैदराबाद। केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी केंद्र सरकार के 'नशामुक्त भारत' अभियान के समर्थन में लोगों को जागरूक करने यहां 25, 26 और 27 नवंबर को पदयात्रा निकालेंगे। सिकंदराबाद से लोकसभा सदस्य रेड्डी ने बताया कि पदयात्रा 25 को अंबरपेट से शुरू होगी और 27 को जुबली हिल्स में समाप्त होगी।

प्रकाश पर्व पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दी शुभकामनाएं



नई दिल्ली। सिख धर्म के संस्थापक और प्रथम गुरु गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर मंगलवार को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति समेत कई केंद्रीय मंत्रियों ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। देव की शिक्षाओं को याद करते हुए कहा कि सत्य, सेवा, समानता, करुणा और मानवता के कल्याण का उनका संदेश आज भी प्रासंगिक है।

मंडी में मंत्री का पुतला फूंका पुलिस से की धक्का-मुक्की



मंडी। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की ओर से विधानसभा में भारतीय सेना को लेकर की गई कथित टिप्पणी के विरोध में भाजपा युवा मोर्चा जिला मंडी ने प्रदर्शन किया। लोगो ने उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना देने के बाद शहर में रैली निकाली और मंत्री का पुतला जलाकर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

पूर्व एमपी बनवारी समेत 3 को 3-3 साल की सजा



लखनऊ। व्यापार कर भवन में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ और आगजनी करने के 28 साल पुराने मामले में पूर्व राज्यसभा सदस्य व व्यापारी नेता बनवारी लाल कंछल समेत 3 को 3-3 साल के कारावास की सजा सुनाई गई है। एमपी-एमएलए मामलों के विशेष न्यायाधीश उमाकांत जिंदल ने फैसला सुनाया।

अकाली दल की एनडीए में वापसी (गठबंधन) पर प्रधानमंत्री मोदी बोले

पंजाब के लोगों का कल्याण करना प्राथमिकता,जनता की पसंद बनेगा

प्रकाश पर्व पर पुराने साथी के आने पर जताई खुशी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को शिरोमणि अकाली दल की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में वापसी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस गठबंधन की प्राथमिकता पंजाब और पंजाब के लोगों का कल्याण है। खास बात यह है कि अकाली दल की वापसी श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के मौके पर हुई है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर अपनी खुशी जाहिर की।

उन्होंने कहा कि पंजाब और पंजाबियों का कल्याण सबसे पहले! मुझे बेहद खुशी है कि शिरोमणि अकाली दल एनडीए परिवार में लौट आया है और वह भी श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा और अकाली दल का गठबंधन स्वाभाविक है। यह पंजाब में जनहितकारी शासन सुनिश्चित करने और राज्य को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए काम करेगा। उन्होंने इस गठबंधन के पुराने इतिहास का भी जिक्र किया।

राज्य को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए मिलकर काम करेंगे

पंजाब को जन-हितैषी शासन मिलेगा

पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए कहा कि पंजाब और पंजाबियों के कल्याण को सबसे ऊपर रखना! मुझे बहुत खुशी है कि शिरोमणि अकाली दल की एनडीए परिवार मे वापसी हो रही है और वह भी श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर। हमारा गठबंधन एक स्वाभाविक गठबंधन है, जो यह सुनिश्चित करेगा कि पंजाब को जन-हितैषी शासन मिले, जो राज्य को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक ले जाए।

वाजपेयी-आडवाणी को किया याद

पीएम मोदी के अनुसार पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री सरदार प्रकाश सिंह बादल ने इस साझेदारी को मजबूत बनाया और सींचा था। प्रधानमंत्री ने कहा कि अकाली दल और भाजपा का गठबंधन समय की कसौटी पर खरा उतरा है। उन्होंने भरोसा जताया कि दोनों दलों की यह साझेदारी पंजाब के लोगों की पसंद बनेगी।

केजरीवाल ने कहा ये केवल सत्ता के लिए के लिए गठबंधन कर रहे



पंजाब में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा और अकाली दल का गठबंधन आखिरकार को हो गया है। पिछले 1-2 महीने से इस गठबंधन के होने की चर्चा पंजाब की सियासत में सबसे ज्यादा हो रही थी। 6 साल के बाद अकाली दल और भाजपा एकसाथ आए हैं। दोनों दल 2027 का चुनाव मिलकर साथ लड़ेंगे। भाजपा अकाली दल गठबंधन को लेकर आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि यह लोग सत्ता के लिए एकसाथ आ जाते हैं और फिर अलग हो जाते हैं। केजरीवाल मंगलवार को गुरु पर्व के मौके पर गुरुद्वारा श्री रकाबगंज साहिब पहुंचे जहां उन्होंने मत्था टेककर प्रार्थना की और सभी देशवासियों को गुरु पर्व की शुभकामनाएं दीं। इसी दौरान मीडिया से बात करते हुए केजरीवाल ने कहा कि ये लोग सत्ता के लिए साथ आ जाते हैं और फिर अलग हो जाते हैं। और फिर एक साथ आ जाते हैं।

पंजाब को नशे-ड्रग्स के जाल में झोंकने के लिए साथ आए: संजय



आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि दोनों दलों का गठबंधन 'जीरो' है। अजीब बात है कि जिस अकाली दल और भाजपा ने पंजाब के घर-घर में नशा पहुंचाने का अपराध किया। 10 सालों तक पंजाब को बर्बाद करने का अपराध किया। नशे-ड्रग्स के जाल मे झोंकने गठबंधन कर रहे हैं।

ऐसा क्या बदला भाजपा-अकाली साथ आए: तिवारी



गठबंधन की मंगलवार को हुई घोषणा को लेकर कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पंजाब के किसान भाजपा और अकाली दल से पूछेंगे और उन्हें बताना होगा कि ऐसा क्या बदल गया है कि दोनों पार्टियों ने फिर से हाथ मिला लिया है।

गठबंधन पर बोले भाजपाध्यक्ष नवीन

'स्वाभाविक गठबंधन' बताया, राज्य को नशामुक्त विकासोन्मुखी बनाएंगे



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने नई दिल्ली में आयोजित संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शिरोमणि अकाली दल के साथ गठबंधन को 'स्वाभाविक गठबंधन' बताया। उन्होंने कहा कि सीटों के बंटवारे पर दोनों दल बाद में चर्चा करेंगे, लेकिन साथ आने से पंजाब की सेवा करने का स्पष्ट संदेश गया है। उन्होंने शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल, पार्टी सदस्यों और उनके सहयोगियों का एनडीए परिवार में स्वागत किया और कहा कि इससे गठबंधन की ताकत बढ़ेगी। एनडीए के तहत दोनों दल मिलकर पंजाब को नशामुक्त बनाने, युवाओं को राज्य में ही रोजगार दिलाने, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और विकासोन्मुखी सरकार बनाने के लिए काम करेंगे।

यूथ कांग्रेस ने जुकरबर्ग को भी संघ से जोड़ा

मेटा भाजपा का बेटा, उसके समर्थक कंटेंट पर चुप्पी साधी



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

कर्नाटक के यूथ कांग्रेस ने मंगलवार को मेटा कंपनी के खिलाफ एक पोस्टर अभियान चलाया। यूथ कांग्रेस ने मेटा पर आरोप लगाया कि वे नरेंद्र मोदी सरकार की आलोचना करने वाली सोशल मीडिया पोस्ट को चुन-चुन कर हटा रहे।आगे कहा कि मेटा ने भाजपा समर्थक कंटेंट पर चुप्पी साध रखी है, उसे रहने दे रही है, जबकि विपक्ष के कंटेंट को हटा रही या रोक लगा रही। यूथ कांग्रेस ने केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट रोड पर टोल प्लाजा के पास सदाहल्ली गेट पर एक बड़ा बैनर लगाया, जिसमें उन्होंने मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग को आरएसएस के यूनिफॉर्म में दिखाया। यूथ कांग्रेस ने इसके अलावा शहर में चिक्काजाला और अन्य जगहों पर भी पोस्टर लगाए।

- सदाहल्ली गेट पर लगाया बड़ा बैनर, जुकरबर्ग को आरएसएस के यूनिफॉर्म में दिखाया

लिखा- 'मार्क भाजपा बर्ग'

सदाहल्ली गेट पर लगे फ्लेक्स में मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग के नाम को भी आरएसएस से जोड़ा। पोस्टर में यूथ कांग्रेस ने अरबपति कारोबारी को 'मार्क भाजपा बर्ग' बताया। साथ ही लिखा, 'मेटा भाजपा का बेटा'।

54 लाख पोस्ट या अकाउंट्स पर रोक लगी

यह विरोध प्रदर्शन उन रिपोर्टों के बाद हुआ, जिनमें बताया गया कि मेटा ने 2026 की पहली छमाही में 54 लाख से ज्यादा पोस्ट या अकाउंट्स पर रोक लगाए गए, जबकि 2026 में कुल 70,000 पोस्ट ही हटाए गए थे।

गौड़ा ने की कंपनी की निंदा

विरोध करने वाले कर्नाटक प्रदेश यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एचएस मंजूनाथ गौड़ा ने कहा कि पार्टी मेटा के कदमों की निंदा करती है। गौड़ा ने कहा कि कांग्रेस के पक्ष में या भाजपा के खिलाफ की गई पोस्ट को तुरंत दिया जा रहा है। दिग्गज टेक कंपनी मेटा के कामकाज पर सवाल उठाए। इनमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नफरत फैलाने वाले भाषणों को रोकने में विफलता, फर्जी खबरों को फैलने देना, राजनीतिक दबाव के आगे झुकना और यूजर के निजी जानकारी की गोपनीयता को लेकर चिंताएं शामिल हैं। मंजूनाथ ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को लोकतांत्रिक सिद्धांतों के हिसाब, बिना किसी राजनीतिक दल का पक्ष लिए, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से काम करना चाहिए।

सामाजिक न्याय मंत्रालय की पहल

आज लॉन्च होगा 'समावेश' और नया ई-अनुदान पोर्टल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय अपनी विभिन्न योजनाओं और सेवाओं को आम लोगों तक अधिक सुगम, पारदर्शी और प्रभावी तरीके से पहुंचाने के लिए एकीकृत डिजिटल व्यवस्था की शुरुआत करने जा रहा है। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार और राज्य मंत्री बीएल वर्मा बुधवार को नई दिल्ली में 'समावेश' और नए ई-अनुदान पोर्टल का शुभारंभ करेंगे। इन दोनों डिजिटल प्लेटफॉर्म का उद्देश्य मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं को एक ही मंच पर उपलब्ध कराना, अनुदान प्रक्रिया को सरल बनाना और लाभार्थियों तथा संबंधित संस्थानों को बेहतर ऑनलाइन सुविधाएं प्रदान करना है। मंत्रालय के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा विकसित 'समावेश' एक एकीकृत डिजिटल गेटवे के रूप में काम करेगा। इससे विभिन्न योजनाओं, सेवाओं और संस्थागत पोर्टलों को एक ही प्लेटफॉर्म पर जोड़ा जाएगा।



आंध्र प्रदेश में भोगापुरम में हादसा

टोल गेट के पास खड़ी लॉरी से कार टकराई, 5 की मौत



एजेंसी ▶▶ भोगापुरम (आंध्र प्रदेश)

आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में मंगलवार को टोल गेट के पास खड़ी एक लॉरी से कार के टकरा जाने से 5 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना सुबह करीब 7:30 बजे हुई जब एक एसयूवी कार सड़क के किनारे खड़ी लॉरी से टकरा गई। विजयनगरम के पुलिस अधीक्षक (एसपी) एआर दामोदर ने कहा कि आज सुबह भोगापुरम टोल गेट के पास एसयूवी के खड़े ट्रक से टकरा जाने से 5 लोगों की मौत हो गई। कार में सवार 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पांचवां व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि पीड़ित मंदिर में दर्शन करके लौट रहे थे तभी यह हादसा हुआ। प्रारंभिक आकलन से पता चलता है कि संभवतः थकान के कारण कार चालक को गाड़ी चलाते समय झपकी आ गई होगी।

देव दीपावली जगमगाया आसमान



प्रयागराज। मंगलवार को प्रयागराज में देव दीपावली उत्सव के दौरान लोगों ने मिट्टी के दीये जलाए और आतिशबाजी से आसमान जगमगा उठा।

देश को दी सीख आधुनिक खेती करने वालों का अभिनंदन किया

पंजाब के खेतों में पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज

'बूह हवेलियां' ने दिखाई नई राह बिना पराली जलाए कर रहे खेती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को पंजाब के तरनतारन जिले के ग्राम 'बूह हवेलियां' में आयोजित 'किसान चौपाल' में शिरकत कर किसानों के साथ सीधा संवाद किया। खेतों के बीच किसानों के साथ बैठकर उनकी समस्याएं और सुझाव सुनते हुए चौहान ने पराली जलाए बिना आधुनिक खेती करने वाले प्रगतिशील किसानों और पंचायतों का अभिनंदन किया। उन्होंने दो टूक कहा कि वे कोई बड़ी राजनीतिक



सभा करने नहीं, बल्कि एक सेवक के रूप में किसानों के बीच बैठकर उनकी बात समझने आए हैं। इस दौरान उन्होंने पंजाब सरकार से किसानों के हित में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू करने का आग्रह किया और मोदी सरकार की किसान हितैषी नीतियों तथा एमएसपी पर रिकॉर्ड खरीद की प्रतिबद्धता को दोहराया।

पराली जलाने से धरती माता की सेहत बिगड़ रही

किसान चौपाल को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जब देश में अन्न का संकट था और बाहर से लाल गेहूं मंगाना पड़ता था, तब पंजाब के किसानों ने ही हरित क्रांति लाकर देश के अन्न के भंडार भरे थे। लेकिन आज अत्यधिक रासायनिक खाद, कीटनाशक और पराली जलाने के कारण हमारी धरती माता की सेहत बिगड़ रही है। मित्र कीट और केंचुए खत्म हो रहे हैं।

मदुरई जिले के तहत तिरुप्परनकुंद्रम में दीप प्रज्वलन पर रार

'सुको' ने कार्तिगई दीपम प्रज्वलित करने की अनुमति दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ चेन्नई

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में तमिलनाडु के मदुरई जिले के तहत तिरुप्परनकुंद्रम यानी पहाड़ी पर स्थित मुरुगन मंदिर के पास दीपथून (पत्थर के स्तंभ) पर कार्तिक पूर्णिमा मौके पर एक बार कार्तिगई दीपम प्रज्वलित करने का अंतरिम आदेश दिया है। कोर्ट ने इसके लिए जिला कलेक्टर को अधिकृत किया है।

दीपथून (पत्थर के स्तंभ) पर दीप जलाने का मामला गहराया

एक दीप जलाने पर इतना बवाल क्यों?



धार्मिक अधिकारों में बाधा न डालें प्रतिबंधों पर पुनर्विचार के निर्देश

हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार से कहा कि वह तिरुप्परनकुंद्रम में 'कार्तिगई दीपम' विवाद के संबंध में मदुरै के लिए जारी किए गए प्रतिबंधात्मक आदेशों पर पुनर्विचार करे।नये पाबंदियां भक्तों के अपने धर्म का पालन करने और उसे मानने के अधिकार में बाधा डाल सकती हैं।

मद्रास हाई कोर्ट की मदुरई बेंच पहुंचे लोग

जब तक कलेक्टर नहीं होंगे पेश, तब तक नहीं करेंगे सुनवाई

कुछ संगठन तिरुप्परनकुंद्रम में निषेधाज्ञा आदेशों को चुनौती देने के लिए मद्रास हाई कोर्ट की मदुरई बेंच पहुंच गए। जस्टिस जीआर स्वामीनाथन और जस्टिस एमडी सुमति की बेंच ने सुनवाई की तब जस्टिस स्वामीनाथन ने पूछा, मदुरै कलेक्टर कहां हैं? हमने उन्हें कोर्ट में बुलाया था। इस पर कलेक्टर की ओर से पेश वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायण ने कहा कि मदुरै कलेक्टर को अभी आने में कुछ दिक्कत है।

प्रज्वलित हुआ दीपम नगेंद्रन हिरासत में

सुप्रीम कोर्ट की अनुमति पर भारी सुरक्षा के बीच पवित्र पहाड़ी की चोटी पर भक्तिपूर्ण नारों के बीच पारंपरिक कार्तिगई दीपम प्रज्वलित किया गया। भाजपा नेता तमिलिसाई सुंदरराजन को मदुरै हवाई अड्डे पर पुलिस ने रोका। तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन को तिरुनेलवेली के बाहर चेकपॉइंट पर पुलिस ने हिरासत में ले लिया। वे वहां जा रहे थे, जहां दीपक जलाया जाना था।



एक बार फिर बड़जात्या की फिल्म में प्रेम बनकर लौटेंगे सलमान

मुंबई। सूरज बड़जात्या इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। फिल्म में आयुष्मान प्रेम का किरदार निभा रहे हैं। वहीं, इसके बाद सूरज बड़जात्या औस सलमान खान की जोड़ी एक बार फिर साथ आने वाली है। अब निर्देशक ने इस फिल्म को लेकर नया अपडेट दिया है। एक हालिया इंटरव्यू में सूरज बड़जात्या ने सलमान खान के साथ अपनी फिल्म 'प्रेम की शादी' के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि फिल्म के लिए दर्शकों को अभी थोड़ा और इंतजार करना होगा। दोनों ने 'मैंने प्यार किया', 'हम आपके हैं कौन', 'हम साथ-साथ हैं' और 'प्रेम रतन धन पायो' जैसी फिल्मों में साथ काम किया है। इन सभी फिल्मों में सलमान खान ने प्रेम का यादगार किरदार निभाया था।



हॉलीवुड मसाला



'एवेंजर्स' ने एडवांस बुकिंग में मचाया तहलका

नई दिल्ली। हॉलीवुड की मशहूर फिल्म फ्रेंचाइजी मार्वल की अगली फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्सडे' रिलीज से पहले ही भारतीय बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी है। खास बात यह है कि एडवांस बुकिंग के मामले में फिल्म ने 'रामायण' और 'धुरंधर 2' जैसी बड़ी भारतीय फिल्मों को भी पीछे छोड़ दिया है। 24 नवंबर की सुबह तक 'एवेंजर्सः डूम्सडे' ने भारत में सभी दिनों की एडवांस बुकिंग से 50 करोड़ रुपए से ज्यादा का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया था। इसमें फिल्म के पहले दिन की एडवांस बुकिंग का योगदान करीब 22 करोड़ रुपए है। भारत में फिल्म की एडवांस बुकिंग 17 नवंबर को शुरू हुई थी।

लाइफ Style

शरवरी

प्यार का पंचनामा 2 के ऑडिशन में हुईं रिजेक्ट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शरवरी हाल ही में होस्ट माधुरी दीक्षित के क्विज रियलिटी शो 'कोण होणार करोड़पति' में पहुंची थीं। यहां उन्होंने बताया कि किस तरह फिल्मों में बतौर अभिनेत्री काम करने का सपना लेकर आईं शरवरी ने असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर अपने करियर की शुरुआत की।

माधुरी दीक्षित से बातचीत के दौरान शरवरी ने बताया कि उन्होंने शुरुआत में अभिनेत्री बनने के लिए फिल्म 'प्यार का पंचनामा 2' का ऑडिशन दिया था। इस बारे में बात करते हुए शरवरी ने कहा, 'मुझे याद है कि मैं 'प्यार का पंचनामा 2' के लिए ऑडिशन देने गई थी, लेकिन मेरा सिलेक्शन नहीं हुआ। इसके बाद मैंने उनसे पूछा कि क्या मैं असिस्टेंट डायरेक्टर बन सकती हूं? इसे डायरेक्टर का असिस्टेंट भी कहते हैं। उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या मुझे कोई काम आता है? मैंने कहा कि नहीं, मुझे कुछ भी नहीं आता। इसके बावजूद उन्होंने मुझे काम दिया और सब कुछ सिखाया।' शरवरी ने बताया कि लव रंजन से मिला यह मौका उनके करियर के लिए काफी अहम साबित हुआ। उन्होंने अपने शुरुआती दिनों में तीन फिल्मों में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया। इनमें 'प्यार का पंचनामा 2', संजय लीला भंसाली की 'बाजीराव मस्तानी' और लव रंजन की 'सोनू के टीटू की स्वीटी' शामिल हैं। असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर अपने करियर की शुरुआत करने वाली शरवरी अब सूरज बड़जात्या की फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' में नजर आने वाली हैं। फिल्म में उनके साथ अभिनेता आयुष्मान खुराना मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे।



किसी सीन से परेशानी है तो रखती हूं राय

मुंबई। अभिनेत्री श्रुति हासन ने डांस और उसमें खुद को फिल्माये जाने पर कहा, 'मैंने हमेशा यह सवाल पूछा है कि फिल्मों में विशेष डांस सीन्स की क्या जरूरत होती है। मुझे नृत्य करना पसंद है, मैं यह बात बिल्कुल स्पष्ट कर देना चाहती हूं। मुझे सजने-संवरने में भी आनंद आता है। और यही मेरा नजरिया है। विशेष सीन्स के प्रति मेरा दृष्टिकोण मेरे लिए बहुत ही आसान रहा है। मैं कभी भी किसी भी रूप में किसी की चापलूसी करने वाली नहीं रही हूं। इसलिए, जब मुझे किसी चीज से असहजता होती है, तो मैं कह देती हूं कि मैं इसे नहीं पहनूंगी। अगर मुझे असहजता होती है, तो मैं वह नहीं करूंगी। इस बारे में मेरी बहस भी हुई है। इस वजह से मेरी आलोचना भी हुई है। मगर मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।' अपनी बातचीत में आगे श्रुति हासन ने कहा, मैं इस विषय पर हो रही चर्चा को समझती हूं।



रितेश की गोद में जेनेलिया वायरल हुई तस्वीर

मुंबई। रितेश देशमुख ने पत्नी जेनेलिया देशमुख के साथ इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है। तस्वीर में जेनेलिया और रितेश किसी रेस्टोरेंट में ब्रेकफास्ट करते दिखाई दे रहे हैं। तस्वीर की खास बात ये है कि इसमें जेनेलिया पति रितेश की गोद में बैठी हैं और रितेश को अपने हाथ से नाश्ता कराती नजर आ रही है। मंगलवार की सुबह शेयर की गई ये तस्वीर देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। तस्वीर के साथ रितेश ने बेहद मजेदार कैप्शन भी दिया है। रितेश देशमुख ने रेस्टोरेंट की तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा, 'दो लोगों के लिए टेबल, कुर्सी एक के लिए।' कुछ लोगों को तस्वीर पसंद आ रही है तो कुछ फैंस को पोस्ट के साथ लिखा गया कैप्शन। रितेश देशमुख अक्सर ही ऐसे अतरंगी पोस्ट और तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम पर फैंस के साथ साझा करते रहते हैं।



निर्देशक एंटोनी पर लगे मारपीट करने के आरोप

नई दिल्ली। फिल्म 'माइकल' के लिए मशहूर निर्देशक एंटोनी फुक्वा इन दिनों अलग वजह से चर्चा में हैं। फुक्वा कानूनी मुसीबत में फंस गए हैं। फिल्ममेकर पर लॉस एंजिल्स के एक बार में झगड़ा करने का आरोप लगा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस झगड़े के दौरान एंटोनी ने बंदूक निकाली और बार के एक कर्मचारी के सिर पर वार किया। उन पर मारपीट, हमला करने और मानसिक पीड़ा पहुंचाने का आरोप है। माइकल' के फिल्ममेकर एंटोनी फुक्वा लॉस एंजिल्स के एक बार में हुए झगड़े के बाद गंभीर कानूनी मुसीबत में फंस गए हैं। बार के मैनेजर ने उन पर बंदूक निकालने और उसके सिर पर वार करने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि यह घटना इस साल फरवरी में हुई थी।

टीवी मसाला



केबीसी 18 के पहले करोड़पति भूषण ने सुनाई अपनी कहानी

नई दिल्ली। 'कौन बनेगा करोड़पति' के सीजन 18 के पहले करोड़पति भूषण ठाकरे ने अपनी केबीसी की जर्नी और आगे की प्लानिंग के बारे में बात की है। जलगांव के रहने वाले भूषण ठाकरे यूपीएससी की तैयारी कर रहे थे और उन्होंने अमिताभ बच्चन होस्टेड रियलिटी शो में 1 करोड़ की धनराशि जीती है। उन्होंने 7 करोड़ रुपए का सवाल भी अटेम्प्ट किया, हालांकि वह इसका जवाब नहीं दे सके। भूषण के पिता एक मजदूर हैं। उन्होंने कहा कि इतना पैसा जीतने के बाद अब वह अपने माता-पिता को काम नहीं करने देंगे। यह उनके लिए 30-35 साल की कमाई है। भूषण ठाकरे ने कहा कि वह एक छोटे से गांव से हैं और जब अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर बैठे तो काफी नर्वस थे। उन्हें पसीना आने लगा था, फिर अमिताभ बच्चन ने उन्हें कम्फर्टेबल फील करवाया। भूषण ठाकरे ने कहा कि उनके लिए यह किसी सपने के सच होने जैसा था। भूषण ने बताया कि वह साल 2016 से 'कौन बनेगा करोड़पति' में आने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने द इंडियन एक्सप्रेस के साथ बातचीत में बताया, 'मैं 2016 से केबीसी के लिए कोशिश कर रहा हूं, तब से जब मैं 18 साल का हुआ। चार साल तक तो मुझे ऑडिशन के लिए कॉल भी नहीं आया।' भूषण ने बताया, 'हर बार जब वह फेल होकर वापस आते, तो लोग उनसे कहते कि उन्हें किसी जैक या पहुंच लगाने की जरूरत है। लोग उनसे कहते थे कि उन्हें किसी को पैसे देने होंगे या फिर किसी बड़े आदमी से फोन करवाना होगा।' भूषण ठाकरे ने साफ कहा कि यह सब सच नहीं है, उनके घर से लेकर कौन बनेगा करोड़पति के सेट तक और फिर वापस जाने का भी सारा खर्चा कौन बनेगा करोड़पति की टीम ने उठाया था। भूषण ने यह भी बताया कि उनके जीतने के बाद चीजें कि कदर बदली हैं।

'इस हफ्ते नॉमिनेट हुए ये कंटेस्टेंट'



नई दिल्ली। सलमान खान होस्टेड रियलिटी टीवी शो 'बिग बॉस 20' का सफर धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है। हर कंटेस्टेंट फिनाले तक पहुंचने के लिए अपना पूरा जोर लगा रहा है। इस हफ्ते स्काउट ओपी और लव गिल के साथ-साथ कनिका मान, गुल्लू, माही विज और भोजपुरी सुपरस्टार आम्रपाली दुबे नॉमिनेट हो गए हैं। इस हफ्ते जो खिलाड़ी नॉमिनेट हुए हैं, उनमें से कौन सा घर जाएगा इस सवाल का जवाब तो हमें वीकेंड का वार में ही मिलेगा। लेकिन उससे पहले नॉमिनेशन्स की जानकारी सामने आते ही लोगों ने कयासों का सिलसिला शुरू कर दिया है। कमेंट सेक्शन में एक यूजर ने लिखा- अबकी बार कनिका होगी घर से बाहर। बाहर जाकर गुल्लू के लिए रोटियां पकाएगी। वहीं दूसरे ने लिखा- माही बाहर होगी।

'चोर निकल के भागा 2' में नई कहानी के साथ लौटी पुरानी टीम



नई दिल्ली। साल 2023 में आई फिल्म 'चोर निकल के भागा' की सफलता के बाद अब इसका दूसरा पार्ट 'चोर निकल के भागा 2' आने वाला है। फिल्म में एक बार फिर यामी गौतम और सनी कौशल की जोड़ी नजर आएगी। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म का निर्देशन अजय सिंह कर रहे हैं। इस बार फिल्म की कहानी में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। जहां पहली फिल्म में हवाई जहाज के अंदर हीरे की चोरी की कहानी दिखाई गई थी, वहीं इसके दूसरे पार्ट में चोरी का खेल एक क्रूज शिप पर देखने को मिलेगा। इस बार कहानी का फोकस एक बेशकीमती मुकुट होगा। नेटफ्लिक्स ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का ऐलान करते हुए इसकी रिलीज डेट भी बताई है। 'चोर निकल के भागा 2' 17 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।मेकर्स ने फिल्म का एक पोस्टर भी जारी किया है। इसमें समुद्र के पानी में एक कीमती मुकुट तैरता नजर आ रहा है और पीछे एक क्रूज शिप दिखाई दे रही है। पोस्टर से फिल्म की नई कहानी और चोरी के नए अंदाज की झलक मिलती है। नेटफ्लिक्स ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'चोर फिर से निकलकर भागने वाला है। क्या आप तैयार हैं? देखिए 'चोर निकल के भागा 2', 17 दिसंबर से सिर्फ नेटफ्लिक्स पर।'

सर्वश्रेष्ठ अभिनेता बने बॉबी, मोना के नाम हुआ सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का खिताब

लॉस एंजिल्स। टेलीविजन की सबसे बड़ी ग्लोबल नाइट्स में से एक 54वें इंटरनेशनल एमी अवाइर्स आयोजित किए गए। यह एक ऐतिहासिक साल रहा, जिसमें 26 देशों की 16 श्रेणियों में रिकॉर्ड 64 दावेदार शामिल थे। भारत की ओर से दो शो 'वीर दासः फूल वॉल्यूम' और 'रियल कश्मीर फुटबॉल क्लब' इसमें शामिल हैं। यह अवार्ड सेरेमनी 24 नवंबर को न्यूयॉर्क हिल्टन मिडटाउन में हुई। मशहूर अभिनेता माइकल उरी ने इसे होस्ट किया। साउथ के स्टार विजय सेतुपति इवेंट में एक अवॉर्ड के प्रेजेंटर बने।



भारत के हाथ आई निराशा : एमी अवॉर्ड्स में भारत से वीर दास के शो 'वीर दासः फूल वॉल्यूम' को कॉमेडी कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया। 2021 में 'फॉर इंडिया' और 2023 में 'लैंडिंग' के बाद यह उनका तीसरा नॉमिनेशन है। हालांकि, वीर दास को ये अवॉर्ड नहीं मिला। 'बेस्ट कॉमेडी' अवार्ड के लिए अर्जेंटीना की 'डिवीजन पलेर्मो- सीजन 2' को चुना गया।

'रियल कश्मीर फुटबॉल क्लब' अवॉर्ड से चूका

भारत को दूसरा नामांकन 'रियल कश्मीर फुटबॉल क्लब' के लिए ड्रामा सीरीज कैटेगरी में मिला। इस शो में मानव कौल और मोहम्मद जीशान अय्यूब मुख्य भूमिकाओं में हैं। हालांकि इसे 'बेस्ट ड्रामा सीरीज' का पुरस्कार नहीं मिला। 'कारेम' इस श्रेणी का विजेता रहा।

अवॉर्ड्स की लिस्ट

बॉबी स्कोफील्ड- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता
मोना मीना लियोन- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री
डेर टैलेंटिएर्टे मिस्टर एफ- आर्ट्स प्रोग्रामिंग के लिए
डी क्लास वान 2000- शॉर्ट-फॉर्म सीरीज
डिवीजन पलेर्मो- सीजन 2- बेस्ट कॉमेडी
24 आवर्स इन द किल जोन- सर्वश्रेष्ठ समाचार एक्सपोजरः क्रेकिंग रैक्सः इनसाइड इजरायलज-वॉर करंट अफेयर्स
फिलिप्सटाउन वायरकार ग्रां प्री- बेस्ट स्पोर्ट्स डॉक्यूमेंट्री
एजुकेटिंग यॉर्कशायर - सीजन 2- बेस्ट नॉन-स्क्रिप्टेड एंटरटेनमेंट
द स्केयरक्रो वेडिंग- बेस्ट किड्स एनीमेशन
डेक्सटर प्रॉक्टरः द 10-ईयर-ओल्ड डॉक्टर- बेस्ट किड्स लाइव-एक्शन
हॉरिबल साइंस- किड्स फैक्चुअल एंड एंटरटेनमेंट
प्रिजनर 951- बेस्ट टीवी मूवी/मिनी-सीरीज
लुई थेरॉक्सः द सेटलर्स- सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री
लेयला- बेस्ट टेलिनोवेला
कैरेम- बेस्ट ड्रामा सीरीज

सिनेमाघरों में एक्शन, साइंस फिक्शन और रोमांस का लगेगा तड़का

दिसंबर में अलग-अलग जॉनर की फिल्मों का आएगा सैलाब

नई दिल्ली। नवंबर में बॉक्स ऑफिस पर रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश स्टारर 'रामायण-पार्ट 1' का एकछत्र राज रहा। अब बड़े पर्दे पर आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ स्टारर 'ये प्रेम मोल लिया' दस्तक देने वाली है। अब सबकी नजरें दिसंबर पर टिकी है, क्योंकि दिसंबर में सिनेमाघरों में एक्शन, साइंस फिक्शन से लेकर रोमांस तक, अलग-अलग जॉनर की फिल्में रिलीज होने वाली हैं। खास बात तो ये है कि बॉलीवुड के दो बड़े सुपरस्टार सलमान खान और शाहरुख खान की फिल्में भी दिसंबर 2026 में ही रिलीज हो रही है।



मातृभूमि : दिसंबर के पहले हफ्ते में ही सिनेमाघरों में बड़ा धमाका होने वाला है। सुपरस्टार सलमान खान की मोस्ट अवेटेड वॉर ड्रामा 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' दिसंबर के पहले हफ्ते में सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ये फिल्म 4 दिसंबर को रिलीज के लिए तैयार है। अपूर्व लाखिया के निर्देशन में बनी ये फिल्म पहले अप्रैल, फिर अगस्त और उसके बाद नवंबर में रिलीज होने वाली थी, लेकिन आखिरी समय में बदलाव करते हुए मेकर्स ने इसे 4 दिसंबर को रिलीज करने का निर्णय लिया। इस फिल्म में सलमान खान के साथ चित्रांगदा सिंह भी लीड रोल में हैं।

ईठा : मशहूर तमाशा और लावणी कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर के जीवन पर आधारित बायोपिक ड्रामा 'ईठा' भी दिसंबर में सिनेमाघरों में दस्तक दे रही है। लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्देशित और दिनेश विजान द्वारा निर्मित इस फिल्म में श्रद्धा कपूर लीड रोल में हैं और बड़े पर्दे पर ये फिल्म सलमान खान की 'मातृभूमि' से टकराने वाली है। ये फिल्म पहले अगस्त में रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में फिल्म की रिलीज डेट बदलकर 4 दिसंबर कर दी गई और इसी दिन सलमान खान की 'मातृभूमि' भी रिलीज होने वाली है।

एवेंजर्स डूम्सडे : मार्वल स्टूडियोज की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्सडे' भी दिसंबर में ही बड़े पर्दे पर दस्तक दे रही है। ये फिल्म 17 दिसंबर को दुनियाभर में रिलीज होगी। एंथनी और रूसो के निर्देशन में बनी इस साइंस-फिक्शन का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। भारत में भी इस फिल्म को लेकर जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। फिल्म में रॉबर्ड डाउनी जूनियर डॉक्टर डूम की भूमिका में नजर आने वाले हैं। उनके अलावा फिल्म में क्रिस इवांस, पेड्रो पास्कल, क्रिस हेम्सवर्थ जैसे सितारे इस फिल्म का हिस्सा हैं।

किंग : शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और सुहाना खान स्टारर 'किंग' दिसंबर के आखिरी हफ्ते में बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित ये एक्शन-थ्रिलर 24 दिसंबर को रिलीज हो रही है। फिल्म का एक गाना 'तू मिल जाए' पहले ही रिलीज किया जा चुका है, जिसे दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। इस फिल्म में शाहरुख खान के साथ उनकी लाडली सुहाना, दीपिका पादुकोण, रानी मुखर्जी, अनिल कपूर, अभिषेक बच्चन, अभय वर्मा और राघव जुयाल भी अहम भूमिका में दिखाई देंगे।

वृषकर्मा : नागा चैतन्य स्टारर 'वृषकर्मा' भी बड़े पर्दे पर धूम मचाने के लिए तैयार है। नागा चैतन्य स्टारर ये माइथोलॉजिकल फैंटसी और सुपरनेचुरल एडवेंचर फिल्म 4 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है और अब तक मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर जारी नहीं किया है। कार्तिक दांडू के निर्देशन में बनी इस रहस्यमयी थ्रिलर का ट्रेलर 25 नवंबर को रिलीज किया जाएगा।

इयून पार्ट 3 : 'एवेंजर्सः डूम्सडे' की रिलीज के अगले दिन ही यानी 18 दिसंबर को सिनेमाघरों में एक और बड़ी फिल्म रिलीज हो रही है। डेनिस विलेन्यूवे की 'इयूनः पार्ट 3' 18 दिसंबर को रिलीज हो रही है, जो इस साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। जेंडया और टिमोथी शैलामे स्टारर ये साइंस-फिक्शन फ्रैंक हर्बर्ट की पुस्तक 'इयून मसीहा' से प्रेरित है।

द रॉक की 'जुमांजीः ओपन वर्ल्ड' : लोकप्रिय एडवेंचर फ्रेंचाइजी 'जुमांजीः ओपन वर्ल्ड' क्रिसमस के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ड्वेन जॉनसन, जैक ब्लैक और केविन हार्ट स्टारर ये एडवेंचर ड्रामा इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है। अब देखना ये होगा कि बॉक्स ऑफिस पर इसे क्या रिस्पॉन्स मिलता है।

एशिया कप राइजिंग स्टार्स : भारत-ए ने यूएई को 7 विकेट से हराया

वैभव की विस्फोटक बल्लेबाजी चौके-छक्कों से बनाए 196 रन

एजेंसी ▶▶| दोहा

एसीसी मेंस एशिया कप राइजिंग स्टार्स में मंगलवार को वैभव सूर्यवंशी के तूफानी दोहरे शतक की मदद से भारत-ए ने यूएई के खिलाफ 7 विकेट से दमदार जीत हासिल की। इसी के साथ भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। वैभव ने 52 गेंदों में दोहरा शतक जड़ा, जिसमें उन्होंने 196 रन चौके और छक्कों से बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 28 छक्के और 7 चौके जड़े और 204 रन स्कोर बोर्ड पर लगाए।

यूनिवर्सिटी ऑफ दोहा फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी ग्राउंड पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने महज 20 रन तक अपने दो विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद भारतीय मूल के हरप्रीत सिंह ने मोहम्मद शाहदाद के साथ तीसरे विकेट के लिए 71 रन जोड़कर पारी को संभाला। शाहदाद 28 रन बनाकर आउट हुए।

इसके बाद हरप्रीत ने एथन डिसूजा के साथ चौथे विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की। डिसूजा ने 25 रन बनाए। 154 रन तक यूएई के पांच विकेट गिर चुके थे। यहां से हरप्रीत ने कप्तान बेसिल हमीद के साथ छठे विकेट के लिए 66 रन जोड़कर टीम को चुनौतीपूर्ण स्थिति में



पहुंचाया। हरप्रीत ने 144 गेंदों में 12 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 130 रन बनाए। वहीं, बेसिल हमीद 36 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की तरफ से अरशद ने 43 रन देकर सर्वाधिक 4 विकेट हासिल किए। हर्षित राणा, सूर्यांश शेडगे, हर्ष दुबे और शाहबाज अहमद को 1-1 सफलता मिली।

सूर्यवंशी ने बनाए कई बड़े रिकॉर्ड

सबसे तेज शतक : उन्होंने 28 गेंदों में शतक पूरा किया।
सबसे तेज 150 रन : सिर्फ 40 गेंदों में 150 रन बना दिए।
सबसे तेज दोहरा शतक : 52 गेंदों में 200 रन पूरे किए।
एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के : 28 छक्के लगाए।
चैड बोएस का रिकॉर्ड टूटा : दोहरा शतक जड़ने के मामले में न्यूजीलैंड के चैड बोएस का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया। बोएस ने 103 गेंदों में दोहरा शतक पूरा किया था, जबकि वैभव ने यह उपलब्धि महज 52 गेंदों में हासिल कर ली।

14.2 ओवरों में हासिल की जीत

इसके जवाब में भारत ने महज 14.2 ओवरों में जीत हासिल कर ली। वैभव सूर्यवंशी ने सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के साथ पहले विकेट के लिए महज 21 गेंदों में 68 रन की साझेदारी की। अभिषेक 5 गेंदों में 2 बाउंड्री के साथ 12 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद वैभव ने प्रमसिमरन सिंह के साथ दूसरे विकेट के लिए 13 गेंदों में 40 रन जोड़कर टीम को शतक के पार पहुंचा दिया।

वैभव ने तोड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड

महज 52 गेंदों में दोहरा शतक पूरा करके वैभव सूर्यवंशी ने 50 ओवर के क्रिकेट (वनडे और लिस्ट-ए) में सबसे तेज डबल सेंचुरी के सभी पुराने विश्व रिकॉर्ड्स को ध्वस्त कर दिया है। अगर पुरुष वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट के इतिहास पर नजर डालें, तो वहां सबसे तेज दोहरे शतक का रिकॉर्ड इंग्लैंड के हैरी ब्रूक के नाम है, जिन्होंने 22 अक्टूबर 2026 को रावलपिंडी में श्रीलंका के खिलाफ 114 गेंदों में दोहरा शतक जड़ा था। वहीं भारत के शुभमन गिल ने 117 गेंदों (गुवाहाटी, 30 सितंबर 2026), ईशान किशन ने 126 गेंदों (चटोग्राम, 2022) और क्रिस गेल ने 138 गेंदों (कैनबरा, 2015) में दोहरा शतक बनाया था, लेकिन वैभव ने इन सभी दिग्गजों के आंकड़ों को आधे से भी कम गेंदों में पीछे छोड़ दिया है।

कप्तान अंकित ने 49 गेंदों में 115 रन की नाबाद पारी खेली

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी: हरियाणा ने बिहार को 24 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| रोहतक

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2026-27 के मुकाबले में हरियाणा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बिहार को 24 रन से शिकस्त दी। इंदौर के होलकर क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में हरियाणा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 220 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में बिहार की टीम लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रही। हरियाणा की ओर से कप्तान अंकित कुमार ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए शानदार शतक जड़ा। उन्होंने 49 गेंदों में 115 रन की नाबाद पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 6 चौके और 11 छक्के लगाए। वहीं यशवर्धन दलाल ने भी बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 56 रन का योगदान दिया। दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर बिहार के गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा। 221 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिहार की टीम ने भी आक्रामक शुरुआत करने की कोशिश की, लेकिन हरियाणा के गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट चटकाकर मैच पर पकड़ बनाए रखी। बिहार की ओर से बिपिन सौरभ ने सबसे ज्यादा 63 रन बनाए। हालांकि दूसरे छोर से उन्हें पर्याप्त सहयोग नहीं मिला। हरियाणा की तरफ से अनुज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट हासिल किए, जबकि युजवेंद्र चहल ने 2 विकेट लेकर बिहार की रन गति पर अंकुश लगाया। बिहार की पूरी टीम 19.4 ओवर में 196 रन पर सिमट गई। इस तरह हरियाणा ने यह मुकाबला 24 रन से अपने नाम कर लिया।



यूपी को हराकर बंगाल सुपर लीग के करीब

मुंबई। सलामी बल्लेबाज अभिषेक पोरेल और मध्यक्रम के बल्लेबाज करण लाल के आक्रामक अर्धशतकों की बदौलत बंगाल ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के ग्रुप-ए मुकाबले में उत्तर प्रदेश को 93 रन से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ बंगाल ने सुपर लीग में जगह बनाने की अपनी दावेदारी मजबूत कर ली। बंगाल के 6 मैच में 16 अंक हो गए हैं और वह अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। उसका नेट रन रेट (एनआरआर) प्लस 2.2 है। बड़ौदा पांच मैच में 16 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसका नेट रन रेट प्लस 2.3 है। राजस्थान के भी 16 अंक हैं, लेकिन प्लस 1.2 के नेट रन रेट के कारण वह तीसरे स्थान पर है। खराब मौसम के कारण 15-15 ओवर के कर दिए गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर बंगाल ने तीन विकेट पर 201 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

खबर संक्षेप



आईएलटीसी मनाएगा 75वीं वर्षगांठ

नई दिल्ली। इंटरनेशनल लॉन टेनिस क्लब ऑफ इंडिया (आईएलटीसी) अपनी 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 27 से 29 नवंबर तक दिल्ली जिमखाना क्लब में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय टेनिस सम्मेलन आयोजित करेगा, जिसमें 10 देशों के खिलाड़ी भाग लेंगे। भारत 1951 में 'इंटरनेशनल लॉन टेनिस क्लब' का सदस्य बना था और अब उसके 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर वह इस सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। इंटरनेशनल लॉन टेनिस क्लब की स्थापना 1924 में ग्रेट ब्रिटेन में की गई थी। इसका उद्देश्य टेनिस के माध्यम से देशों के बीच संबंधों को मजबूत करना था। अब 42 देश इससे जुड़े हैं और इसके लगभग 4,500 सदस्य हैं। नई दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में भाग लेने वाले देशों में अर्जेंटीना, बारबाडोस, आयरलैंड, यूनाइटेड किंगडम, नॉर्वे, स्वीडन, बेल्जियम, स्लोवेनिया, ऑस्ट्रेलिया और भारत शामिल हैं। इस टूर्नामेंट में पूर्व खिलाड़ी भी भाग लेंगे। इसमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में पांच-पांच टीमों के दो ग्रुप बनाए जाएंगे।

3 जनवरी से पीडब्ल्यूएल का छठा सत्र दिल्ली में

नई दिल्ली। प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) के छठे सत्र के कार्यक्रम में संशोधन किया गया है और अब इसका आयोजन 3 से 19 जनवरी तक केडी जाधव स्टेडियम में किया जाएगा। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की देखरेख में आयोजित किए जाने वाले पीडब्ल्यूएल ने यह भी घोषणा की कि आगामी सत्र के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 30 नवंबर को मुंबई में होगी। कार्यक्रम को विश्व कुश्ती की सर्वोच्च संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के कैलेंडर में किए गए बदलाव के बाद संशोधित किया गया है, जिससे कि इस लीग पर अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम का प्रभाव नहीं पड़े तथा भारत और विदेशों के सर्वश्रेष्ठ पहलवान इसमें भाग ले सकें।

आईएलटी20 : डेजर्ट वाइपर्स ने वॉरियर्स को 6 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| शारजाह

इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएलटी20) के चौथे मैच में बाबर आजम की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर उनकी टीम डेजर्ट वाइपर्स ने शारजाह वॉरियर्स को 15 गेंद पहले 6 विकेट से हरा दिया।

शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में सोमवार की रात हुए मुकाबले में डेजर्ट वाइपर्स के कप्तान शादाब खान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी शारजाह वॉरियर्स ने 20 ओवर में



सभी विकेट खोकर 166 रन बनाए। शारजाह वॉरियर्स की तरफ से पॉल वॉल्टर ने 43 गेंदों पर 11 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 75 रन की पारी खेली। इसके अलावा, जेम्स विंस ने 23, टिम सिफर्ट ने 17, जॉर्ज लिंडे ने 14 और क्रेग ओवरटन ने 12 रन बनाए।

167 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी डेजर्ट वाइपर्स के लिए फखर जमान और बाबर आजम पारी की शुरुआत करने उतरे। फखर 10 गेंदों पर 15 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन बाबर आजम पूरे रंग में दिखे।

फिल-डोनाल्ड के बीच 151 रन की साझेदारी

दूसरा टी20 : ऑस्ट्रेलिया को हराकर सीरीज में बराबरी पर इंग्लैंड

एजेंसी ▶▶| क्वींसलैंड

इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कैरारा ओवल में खेले गए टी20 सीरीज के दूसरे मुकाबले को 8 विकेट से अपने नाम किया। इसी के साथ मेहमान टीम ने पांच मुकाबलों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है। ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज का पहला मैच 3 विकेट से अपने नाम किया था।

अब सीरीज के शेष तीन मैच 27 नवंबर (ब्रिस्बेन), 29 नवंबर (सिडनी) और 2 दिसंबर (कैनबरा) को खेले जाने हैं। क्वींसलैंड में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 8 विकेट खोकर 184 रन बनाए। इस टीम को 17 के स्कोर



पर पहला झटका लग गया था। कप्तान मिचेल मार्श 9 गेंदों में 15 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद सैम हार्पर ने फ्रेजर-मैकगर्क के साथ दूसरे विकेट के लिए 14 गेंदों में 28 रन जोड़े। सैम हार्पर (3) पवेलियन लौट गए।

इंग्लैंड ने महज 13.1 ओवरों में दर्ज की जीत

इसके जवाब में इंग्लैंड ने महज 13.1 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। इस टीम को फिल साल्ट और एक्यूरिन डोनाल्ड की सलामी जोड़ी ने दमदार शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने पहले विकेट के लिए 10.1 ओवरों में 151 रन जोड़े। डोनाल्ड 85 रन बनाकर आउट हुए, 32 गेंदों की उनकी इस पारी में 9 छक्के और 4 चौके शामिल थे। इसके कुछ देर बाद फिल साल्ट भी आउट हो गए, जिन्होंने 30 गेंदों में 4 छक्कों और 5 चौकों के साथ 58 रन बनाए। यहां से टॉम बैंटन (नाबाद 26) ने कप्तान हैरी ब्रूक (नाबाद 10) के साथ तीसरे विकेट के लिए 12 गेंदों में 30 रन की अटूट साझेदारी करते हुए टीम को आसान जीत दिलाई।

आईसीसी रैंकिंग

टॉप-3 पर पहुंची कैथरीन



एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी विमेंस इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी में बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत स्कॉटलैंड की कप्तान कैथरीन ब्राइस ने आईसीसी रैंकिंग में बड़ी बढ़त हासिल की है। टूर्नामेंट में 232 रन बनाने और 8 विकेट लेने के बाद, ब्राइस टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में चार स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे नंबर पर पहुंच गई हैं। स्कॉटलैंड की टीम फाइनल में पहुंचने से बस कुछ ही दूर रह गई थी।

टूर्नामेंट में स्कॉटलैंड के आखिरी मैच में ब्राइस शानदार फॉर्म में दिखीं। उन्होंने 48 गेंदों पर 69 रन बनाए और दो विकेट लिए, जिससे टीम को 74 रनों से जीत मिली। इस प्रदर्शन की बदौलत वह टी20 रैंकिंग में चार स्थान ऊपर आ गईं। यह किसी भी रैंकिंग कैटेगरी में उनका अब तक का सबसे ऊंचा स्थान है। इससे पहले मई 2021 में, वह टी20 ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में भी तीसरे स्थान पर रही थीं।

अब वह वेस्टइंडीज की कप्तान हेले मैथ्यूज (पहले स्थान पर) और न्यूजीलैंड की कप्तान मेली केर (दूसरे स्थान पर) के ठीक पीछे हैं। ब्राइस का लक्ष्य किसी भी रैंकिंग कैटेगरी में नंबर 1 पर पहुंचने वाली पहली स्कॉटिश खिलाड़ी बनना है।

आईपीएल : पंजाब किंग्स के गेंदबाजी कोच बने म्हाम्ब्रे

नई दिल्ली। पंजाब किंग्स ने पारस म्हाम्ब्रे को अपना गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। म्हाम्ब्रे फ्रेंचाइजी में जेम्स होप्स की जगह लेंगे। होप्स ने पिछले महीने अपना पद छोड़ दिया था। वहीं, फ्रेंचाइजी फील्डिंग कोच के रूप में राजीव कुमार को नियुक्त करने वाली है। वह पूर्व फील्डिंग कोच ब्रैड हैडिन की जगह लेंगे। राजीव चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की कोचिंग टीम का हिस्सा रहे हैं। पारस म्हाम्ब्रे का गेंदबाजी कोच के रूप में लंबा अनुभव है। वह भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच के रूप में काम कर चुके हैं। म्हाम्ब्रे 2021 से 2024 तक राहुल द्रविड़ वाली कोचिंग टीम में गेंदबाजी कोच थे। इसके अलावा, वह इंडिया ए और इंडिया अंडर-19 के गेंदबाजी कोच के रूप में काम कर चुके हैं। घरेलू क्रिकेट में वह बंगाल, महाराष्ट्र, बड़ौदा और विदर्भ के कोच रहे हैं। आईपीएल में पारस म्हाम्ब्रे लंबे समय तक मुंबई इंडियंस (एमआई) का हिस्सा रहे हैं।



मैट फिशर को मिली जगह टिकनर बाहर

भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड टीम में बदलाव

एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर हैमर्सट्रिंग की चोट के कारण शुक्रवार से भारत के खिलाफ शुरू हो रहे टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह टीम में मैट फिशर को शामिल किया गया है। ब्लेयर टिकनर भारत के खिलाफ ड्रॉ रहे पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा थे, लेकिन प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं बना सके थे। वेलिंगटन में ट्रेनिंग के दौरान उन्हें चोट लगी थी।

न्यूजीलैंड क्रिकेट की तरफ से जारी प्रेस रिलीज में कहा गया है कि टिकनर के और परीक्षण होने वाले हैं, ताकि यह पता चल सके कि वह कितने समय तक बाहर रह सकते हैं। 33 साल के टिकनर ने अब तक



छह टेस्ट मैच खेले हैं और 22 विकेट लिए हैं। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड दौरे पर खेला था।

फिशर ने 2025 में किया था टेस्ट में डेब्यू

टिकनर की जगह टीम में शामिल किए गए 27 साल के फिशर ने अगस्त 2025 में टेस्ट में डेब्यू किया था, लेकिन उसके बाद से रेड-बॉल क्रिकेट नहीं खेला है। फिशर भारतीय टीम के इस मौजूदा दौरे पर पांच में से चार वनडे और पांच में से दो टी20 मैचों का हिस्सा रहे हैं। वेलिंगटन में भारत के साथ समाप्त हुए टेस्ट में गेंदबाजों पर ज्यादा वर्कलोड था। पहले और दूसरे टेस्ट के बीच महज तीन दिन का अंतर है। ऐसे में इन गेंदबाजों के कवर के तौर पर फिशर को टीम में शामिल किया गया है।

आज झूलन गोस्वामी का बर्थडे: 2002 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किया था डेब्यू

मां को पसंद नहीं था क्रिकेट, बेटी बन गई सफल गेंदबाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

झूलन गोस्वामी भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सबसे प्रभावशाली और लोकप्रिय तेज गेंदबाज रही हैं। भारतीय टीम के एक सामान्य टीम से मजबूत टीम बनने के सफर में झूलन का योगदान असाधारण रहा है। उनका नाम विश्व की श्रेष्ठ महिला तेज गेंदबाजों में शुमार किया जाता है।

झूलन गोस्वामी का जन्म 25 नवंबर 1982 को पश्चिम बंगाल के चकदाह में हुआ था। उन्हें बचपन से ही क्रिकेट में रुचि थी। हालांकि, उस दौर में महिलाओं के लिए क्रिकेट खेलना असामान्य था। झूलन की मां को भी उनका लड़कों के साथ क्रिकेट खेलना पसंद नहीं था, लेकिन बेटी ने इसी खेल में देश का प्रतिनिधित्व करने का



सपना देख लिया था। गोस्वामी ने एमआरएफ एकेडमी से ट्रेनिंग ली। दाएं हाथ की इस तेज गेंदबाज ने 15 साल की उम्र में चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी तरफ खींचा। उन्हें 2002 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू का मौका मिला। इंग्लैंड के खिलाफ अपने डेब्यू वनडे में ही झूलन ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 7 ओवर में 15 रन देकर 2 विकेट लिए और भारत को 8 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

2008 से 2011 तक रहीं कप्तान

2008 से 2011 तक भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान रही झूलन ने भारत के लिए तीनों फॉर्मेट खेले हैं। उनके नाम 12 टेस्ट में 44, 204 वनडे में 255 और 68 टी20 में 56 विकेट हैं। झूलन निचले क्रम की उपयोगी बल्लेबाज भी रही हैं। 12 टेस्ट में 2 अर्धशतक लगाते हुए 291 रन और वनडे में 1 अर्धशतक लगाते हुए 121 पारियों में 1,228 रन उनके नाम हैं। टी20 में भी उनके नाम 405 रन हैं।

2010 में मिला अर्जुन पुरस्कार

झूलन गोस्वामी को 2010 में 'अर्जुन पुरस्कार' और 2012 में 'पद्मश्री' से सम्मानित किया गया था। 2022 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाली झूलन कोचिंग के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वह विमेंस प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस (एमआई) की गेंदबाजी कोच और मेंटर हैं। उनकी कोचिंग में मुंबई इंडियंस दो बार (2023 और 2025) चैंपियन रही है।

कई बड़े रिकॉर्ड किए अपने नाम

शानदार डेब्यू के बाद झूलन ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और 20 साल के अपने लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर में कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम किए। झूलन गोस्वामी महिला वनडे में विश्व में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। उन्होंने 204 वनडे में 255 विकेट हासिल किए थे। वह वनडे क्रिकेट में 200 विकेट लेने वाली एकमात्र महिला क्रिकेटर हैं।

आईआईटी दिल्ली द्वारा सामने लाई गई सैटेलाइट तस्वीरों से मिली यह जानकारी

अरुणाचल में बांध बनाकर ब्रह्मपुत्र की धारा मोड़ने की तैयारी में चीन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन के साथ लगी हुई भारत की पूर्वोत्तर की सीमा बीते कुछ महीनों से मीडिया की सुर्खियों में बनी हुई है। जिसकी बड़ी वजह क्षेत्र के तहत आने वाले अरुणाचल-प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों में दोनों देशों की सेनाओं के बीच हुई झड़प को माना गया। इस मामले को हालांकि केंद्र सरकार ने खारिज कर दिया था। लेकिन अब एक बार फिर से अरुणाचल की चर्चा जोरों पर है। लेकिन इस बार सैन्य झड़प की वजह से नहीं बल्कि ड्रैगन द्वारा भारत और चीन के बीच बहने वाली ब्रह्मपुत्र नदी पर बनाया जा रहा एक बांध मुख्य कारण के रूप में उभरकर सामने आया है। इस तथ्य का खुलासा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली द्वारा सामने लाई गई कुछ सैटेलाइट तस्वीरों के माध्यम से हुआ है। सनद रहे कि ये पहला मामला नहीं है, जब यह जानकारी सामने आई है कि चीन द्वारा नदी पर किसी बांध का निर्माण किया जा रहा है।

अलग खबर



मैकमोहन लाइन से करीब पर स्थित

यहां एक गौर करने वाली बात ये भी है कि नदी पर बांध या जलविद्युत परियोजनाओं के मामले में भारत की पैनी नजर बनी हुई है। वह भी प्रदेश में सियांग अपर बहुउद्देशीय परियोजना के निर्माण का मन बनाए हुए है। जिसका कुल क्षमता 11 हजार 200 मेगावाट है और इसके निर्माण से नई दिल्ली की कोशिश यह है कि चीन के निर्माण कार्य से ब्रह्मपुत्र नदी के निचले बहाव पर पड़ने वाले प्रभाव को कम किया जा सके। वहीं, चीन का ये प्रोजेक्ट अरुणाचल प्रदेश में भारत और चीन को विभाजित करने वाली मैकमोहन लाइन से काफी करीब स्थित है। सूबे के उत्तरी इलाके से निर्माण साइट की दूरी महज 50 किलोमीटर है।

गांव के गांव खाली कराए गए

दरअसल, इस मामले पर आईआईटी के एफआईटीटी में शामिल हुए एक भारतीय जियोस्पेशियल एआई डीप टेक स्टार्टअप की सैटेलाइट तस्वीरों से यह पता चलता है कि ब्रह्मपुत्र में चीन ने जो बांध परियोजना चल रही है। वह कुल 40 मेगावाट की है और इसके लिए उसने दोनों देशों की सीमा के निकट बड़ा औद्योगिक ढांचा विकसित करने के अलावा परियोजना से संबंधित गांव के गांव खाली करा लिए हैं। उसकी इस कवायद से यह साफ हो जाता है कि वो अपनी इस विद्युत परियोजना के जरिए नदी के रुख को मोड़ने की मंशा को धरातल पर क्रियान्वित करने जा रहा है।

वास्तविक नुकसान का नहीं किया आकलन

आईआईटी की इस रिपोर्ट में चीन द्वारा नदी पर बांध बनाए जाने की जानकारी साझा की गई है। लेकिन इसमें यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि इससे जमीनी स्तर पर पूर्वोत्तर में भारत के किन राज्यों के किन हिस्सों को नुकसान होगा। इन सबके बीच इसे लेकर भी कोई दोराय नहीं है कि चीन एक विस्तारवादी सोच वाला देश है। नई दिल्ली के साथ पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के इलाके में उसका बीते वक्त में एक बड़ा सैन्य विवाद हो चुका है। जो चार वर्ष से अधिक समय तक चलने के बाद उच्च-स्तरीय सैन्य, कूटनीतिक तथा राजनीतिक बैठकों के बाद समाप्त हुआ। वर्तमान में दोनों देश अपने द्विपक्षीय संबंधों को एक बार फिर से इस विवाद की शुरुआत से पहले यानी अप्रैल 2020 के स्तर पर लाने की कोशिशों में जुटे हुए हैं।

सैन्य झड़प पर विदेश मंत्रालय का तर्क

उल्लेखनीय है कि अरुणाचल के सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ती चीन की उपस्थिति के मामले को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक पूर्व मीडिया ब्रीफिंग में कहा था कि अगर चीन ने राज्य के किसी स्थान विशेष पर जबरन कोई कब्जा किया है। तो मामला संबंधित राज्य सरकार का हो जाता है। इस संबंध में वही उचित एजेंसी हैं।

यारलुंग त्सांगपो का महत्व

ब्रह्मपुत्र नदी को भारत की प्रमुख नदियों में शुमार किया जाता है। इसकी कुल लंबाई करीब 2 हजार 900 किलोमीटर है। नदी का उद्गम स्थल चीन के अधिकार क्षेत्र में पड़ने वाले तिब्बत के पुरंग जिले में स्थित मानसरोवर झील के पास ही होता है। जहां नदी का नाम यारलुंग त्सांगपो है। तिब्बत से अपनी यात्रा की शुरुआत के बाद यह अरुणाचल प्रदेश होते हुए असम और अंत में बांग्लादेश में प्रवेश कर जाती है। जहां गंगा नदी से ब्रह्मपुत्र का संगम होता है और फिर मेघना नाम की एक धारा निकलती है। जो सुंदरबन डेल्टा का निर्माण करते हुए बंगाल की खाड़ी में जाकर गिर जाती है।

खबर संक्षेप

यूएई में सड़क हादसे में मय भारतीय 13 की मौत

अबू धाबी। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। मंगलवार को रास अल खैमाह में एक यात्री बस सड़क किनारे खराबी के कारण खड़े ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस में सवार कई लोगों की जान चली गई। हादसे में 14 अन्य लोग घायल हुए हैं। भारतीय नागरिकों की मौत की खबर के बाद दुबई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने पीड़ित परिवारों से संपर्क किया है।



नई ट्रेन से 400 भारतीय श्रद्धालु पहुंचे नेपाल

काठमांडू। भारत और नेपाल के बीच शुरू हुई पहली सीमा पार रेल सेवा कमला-सरयू एक्सप्रेस से मंगलवार को करीब 400 भारतीय श्रद्धालु जनकपुर धाम पहुंचे। अयोध्या कैंट से जनकपुर धाम तक 604 किलोमीटर की दूरी ट्रेन ने करीब 19 घंटे में तय की। इस सेवा का ऑनलाइन उद्घाटन किया था। जनकपुर रेलवे स्टेशन पर नेपाल के मंत्री रामजी यादव और मधेश प्रांत के मुख्यमंत्री सरोज कुमार यादव ने यात्रियों का स्वागत किया।



इसरो चीफ ने कहा- सरकार अकेले नहीं संभाल सकती इतनी बड़ी जरूरतें

अब निजी हाथों में पीएसएलवी: एलएंडटी एचएएल बनाएंगे 5 रॉकेट,उड़ान की तैयारी

एजेंसी ▶▶ श्रीहरिकोटा

भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में निजी कंपनियों की भूमिका अब सिर्फ पुर्जे सप्लाई करने तक सीमित नहीं रही। इसरो ने एलएंडटी और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के गठबंधन को पीएसएलवी के पांच मिशन सौंप दिए हैं। रॉकेट बनाने का काम शुरू हो चुका है। इसरो प्रमुख डॉ. वी. नारायणन ने नई दिल्ली में पांचवें इंडिया इंटरनेशनल स्पेस कॉन्क्लेव 2026 के दौरान यह जानकारी दी। पहले प्रक्षेपण का लक्ष्य अगले साल जनवरी से मार्च के बीच रखा गया है। अब तक उपग्रह भेजने और रॉकेट तैयार करने में इसरो की भूमिका सबसे अहम रही है। सरकार के अंतरिक्ष सुधारों के बाद निजी कंपनियों के लिए दरवाजे खुले हैं और यह फैसला उसी की अगली कड़ी है। इसका दोहरा फायदा बताया जा रहा है। देश की बढ़ती लॉन्च जरूरतें पूरी करने में मदद मिलेगी। साथ ही इसरो को उन्नत तकनीक, नए शोध और ज्यादा जटिल अभियानों पर ध्यान देने का मौका मिलेगा। नारायणन ने साफ कहा कि भारत को संचार, नेविगेशन और पृथ्वी की निगरानी के लिए बड़ी संख्या में अंतरिक्ष परिसंपत्तियां चाहिए। फिलहाल, देश के पास सिर्फ 56 हैं। उनके मुताबिक इतनी बड़ी जरूरत अकेले सरकारी क्षेत्र के जरिए पूरी करना संभव नहीं है। निजी कंपनियों को मौका देने की यही बड़ी वजह है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में अंतरिक्ष क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य में योगदान देगा।

2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य में योगदान देगा इसरो

इसरो प्रमुख ने कहा-पीएम मोदी के मार्गदर्शन में निरंतर प्रगति पर है

पीएसएलवी-एन1, पहला निजी रॉकेट



डॉ. वी नारायणन

इस कड़ी का सबसे अहम नाम पीएसएलवी-एन1 है। इसे भारत का पहला निजी क्षेत्र में बना उपग्रह प्रक्षेपण यान बताया गया है। इसे एलएंडटी और एचएएल का गठबंधन मिलकर बना रहा है। इसकी उड़ान इसलिए मायने रखती है कि इससे रॉकेट निर्माण की क्षमता बढ़ने का रास्ता खुलेगा। योजना सिर्फ सरकारी एजेंसियों के भरोसे चलने की नहीं है। उद्योग, स्टार्टअप और शिक्षण संस्थानों को भी इस क्षेत्र से जोड़ने की तैयारी है।

आगे की राह

तस्वीर साफ है कि भारत का ध्यान अब सिर्फ रॉकेट छोड़ने तक सीमित नहीं रहेगा। संचार और निगरानी के लिए ज्यादा उपग्रह, मानव अंतरिक्ष उड़ान, नई तकनीक और अंतरराष्ट्रीय सहयोग भी प्राथमिकता में हैं। एक तरफ निजी क्षेत्र के साथ रॉकेट बनाने की क्षमता बढ़ रही है, दूसरी तरफ इंसान को अंतरिक्ष भेजने की तैयारी आगे बढ़ रही है। दोनों मोर्चों पर अगले साल की उड़ानों पर सबकी नजर रहेगी।

दुनिया के साथ लगातार बढ़ रहा सहयोग

भारत फिलहाल 64 देशों के साथ अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग कर रहा है। नारायणन ने कहा कि एक दौर में भारत दूसरों से तकनीक लेने की कोशिश करता था, पर अब वह खुद तकनीक देने वाला देश बन चुका है। पिछले 12 वर्षों में भारत की धरती से 34 देशों के 434 उपग्रह अंतरिक्ष में भेजे गए हैं। पीएसएलवी के जरिए कई अंतरराष्ट्रीय व्यावसायिक मिशन भी सफलतापूर्वक पूरे हुए हैं। निजी कंपनियां जुड़ीं तो रॉकेट निर्माण, उपग्रह विकास और अंतरिक्ष सेवाओं का दायरा और बढ़ने की उम्मीद है।

मॉड्यूल पर काम

इसके लिए सरकारी संस्थानों के साथ निजी कंपनियों, स्टार्टअप और शिक्षण संस्थानों को भी आगे आना होगा। इसरो प्रमुख ने गगनयान पर भी बड़ा अपडेट दिया। उन्होंने कहा कि मिशन में देरी नहीं हुई है। यह बेहद तकनीकी और जटिल अभियान है, जिसकी तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। रॉकेट से जुड़े सभी जरूरी उपकरण तैयार हैं और फिलहाल ऑर्बिटल मॉड्यूल पर काम चल रहा है।

ये रखे हैं लक्ष्य

रॉकेट निर्माण
एलएंडटी-एचएएल को पांच पीएसएलवी मिशन

पहली उड़ान
अगले साल की पहली तिमाही का लक्ष्य

गगनयान
रॉकेट उपकरण तैयार, ऑर्बिटल मॉड्यूल पर काम जारी, लॉन्च की तारीख तय नहीं

अंतरिक्ष परिसंपत्तियां
अभी 56, जरूरत कहीं ज्यादा

सहयोग
64 देशों से साझेदारी, 12 साल में 34 देशों के 434 उपग्रह लॉन्च

कनाडा में बढ़ेगी भारत की धमक

2030 तक 50 अरब डॉलर के कारोबार पर नजर, दोनों देशों के बीच होगी डील



एआई इमेज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और कनाडा के बीच रिश्तों में एक बार फिर गर्मजोशी लौटती दिखाई दे रही है। दोनों देश लंबे समय से अटकी व्यापार समझौते की बातचीत को जल्द पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि दोनों देशों के अधिकारी इसे अंतिम दौर में बता रहे हैं। भारत और कनाडा के बीच प्रस्तावित व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर रोजाना बातचीत हो रही है। एक सरकारी अधिकारी के मुताबिक, दोनों देश समझौते को अंतिम रूप देने के बेहद करीब हैं। कोशिश है कि इस साल के अंत तक बातचीत पूरी कर ली जाए। भारत और कनाडा के अधिकारियों के बीच 11 से 20 नवंबर तक छठे दौर की बातचीत हुई। इसमें व्यापार से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई।

भारत के लिए कनाडा अहम बाजार

करीब 4.16 करोड़ की आबादी और 2.34 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला कनाडा भारतीय कारोबारियों के लिए बड़ा बाजार है। वहां 4.25 लाख से ज्यादा भारतीय छात्र पढ़ाई कर रहे हैं और भारतीय समुदाय की भी अच्छी-खासी मौजूदगी है। भारत कनाडा को दवाइयां, मशीनों के पुर्जे, इलेक्ट्रॉनिक सामान, लोहा-इस्पात, कपड़े, रत्न-आभूषण, समुद्री उत्पाद और ऑटो पार्ट्स भेजता है। वहीं कनाडा से भारत में दालें, खाद, खासकर पोटाश, खनिज ईंधन, लकड़ी का गूदा, हीरे, मशीनरी और विमान के पुर्जे आते हैं। दोनों देशों के बीच केवल सामान का ही नहीं, सेवाओं का कारोबार भी काफी अहम है। भारत कनाडा को आईटी, दूरसंचार, कंप्यूटर और सूचना सेवाओं के साथ कारोबारी सेवाएं देता है। साल 2025 में दोनों देशों के बीच सेवाओं का कुल कारोबार करीब 14 अरब डॉलर रहा। इसमें भारत ने लगभग 3.2 अरब डॉलर की सेवाओं का निर्यात किया, जबकि करीब 11 अरब डॉलर की सेवाओं का आयात किया।

निवेश बढ़ाने के लिए भी अलग समझौते की तैयारी

व्यापार समझौते के साथ-साथ दोनों देश निवेश को सुरक्षित बनाने के लिए एक अलग द्विपक्षीय निवेश संरक्षण समझौते पर भी बातचीत कर रहे हैं। अप्रैल 2000 से जून 2026 के बीच कनाडा ने भारत में 4.8 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किया है। कनाडा भारत में 16वां सबसे बड़ा विदेशी निवेशक है। भारत में 600 से ज्यादा कनाडाई कंपनियां काम कर रही हैं, जबकि 1,000 से अधिक कंपनियां भारतीय बाजार में कारोबार बढ़ाने की संभावनाएं तलाश रही हैं। ऐसे में प्रस्तावित समझौता दोनों देशों के व्यापार, निवेश और रोजगार के नए अवसर खोल सकता है।

दोनों देश युद्ध शांति पर बातचीत करेंगे

तेहरान ने होर्मुज में बिछाई थीं बारूदी सुरंगें

ये बारूद कहां बिछी हैं ईरान भूल गया अब मार्ग खोलने में आ रही दिक्कत



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य में बिछाई गई सभी बारूदी सुरंगों का पता लगाने में असमर्थ है। इतना ही नहीं, उसे इन सुरंगों को हटाने में भी मुश्किल हो रही है। इससे इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को पूरी तरह खोलने की कोशिशों को झटका लगा है। अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद ईरान ने मार्च में छोटी नावों के जरिए होर्मुज में बारूदी सुरंगें बिछाई थीं। इसके साथ ही मिसाइल और ड्रोन हमलों के कारण इस समुद्री रास्ते पर जहाजों की आवाजाही लगभग ठप हो गई। इससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई और तेल की कीमतों में भारी उछाल आया। ईरान ने कुछ ऐसे रास्तों की जानकारी सार्वजनिक की है, जिन्हें वह सुरक्षित मानता है, लेकिन बेतरतीब तरीके से सुरंगें बिछाए जाने के कारण अन्य रास्तों को खोलना मुश्किल हो रहा है। जिन सुरंगों की स्थिति दर्ज की गई थी, उनमें से कुछ समुद्री धाराओं के कारण अपनी जगह से खिसक गई हैं, जबकि कई का रिकॉर्ड ही नहीं है। यह रिपोर्ट अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान में प्रस्तावित वार्ता से पहले सामने आई है। दोनों देश युद्ध समाप्त करने के लिए बातचीत करने वाले हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले ही दो सप्ताह के संघर्ष विराम की घोषणा की थी।

जैश आतंकी इलियास कश्मीरी बोला

हमारा जिहाद भारत के खिलाफ पीओके में हैं संगठन के लड़ाके

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में संगठन की मौजूदगी स्वीकार करते हुए कहा कि जैश का जिहाद भारत के खिलाफ है। उसने पाकिस्तानी अधिकारियों पर रावलाकोट में प्रदर्शन कर रहे लोगों और उनके नेताओं की हत्या की साजिश रचने का आरोप भी लगाया। इलियास कश्मीरी ने ये बातें इस्लामाबाद में जम्मू-कश्मीर अवामी पार्टी की ओर से आयोजित बैठक में कहीं। उसने कहा कि जैश के हथियारबंद लड़ाके प्रदर्शन में शामिल नहीं हैं, लेकिन प्रदर्शनकारियों का खून बहने के बाद संगठन उनके समर्थन में खड़ा हुआ है। उसने दावा किया कि जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी से मतभेद के बावजूद जैश प्रदर्शनकारियों के साथ है। कश्मीरी ने आरोप लगाया कि सत्ता में बैठे लोगों ने एक्शन कमेटी के नेताओं और रावलाकोट में प्रदर्शन कर रहे लोगों को मारने का फैसला किया है। उसने कश्मीरी नेताओं सरदार याकूब खान और सरदार मसूद से जैश के प्रतिनिधियों के साथ रावलाकोट जाकर प्रदर्शनकारियों से बातचीत करने की अपील की।



कांटों भरे मार्ग पर महबूबा...



अनंतनाग। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में चंदनवाड़ी के पास, अमरनाथ यात्रा मार्ग पर शेषनाग की ओर भारी मशीनरी तैनात किए जाने के कथित विरोध में, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को पथरीले इलाके में पैदल मार्च किया।

863 दिन बाद शेख हसीना 16 दिसंबर को करेंगी वतन वापसी?

बांग्लादेश ने साफ किया रुख, कहा- लौटते ही पहनाएंगे हथकड़ी

एजेंसी ▶▶ ढाका


बांग्लादेश सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की 16 दिसंबर (विजय दिवस) को स्वदेश लौटने की योजना को सिरे से खारिज कर दिया है। अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि वह बांग्लादेश लौटने की कोशिश करती हैं, तो उन्हें गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शेख हसीना ने ढाका सरकार से आग्रह किया था कि दिल्ली से उनकी वापसी के लिए राष्ट्रीय विमानन कंपनी बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस की व्यवस्था की जाए और आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने में मदद की जाए। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए बांग्लादेश के विदेश राज्य मंत्री हुमायूं कबीर ने विदेशी राजनयिकों को सरकार के रुख से अवगत कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि अवामी लीग ने आतंकवादी गतिविधियां शुरू कर दी हैं। पत्रकारों से बात करते हुए कबीर ने कहा, शेख हसीना कोई आम यात्री नहीं हैं जो बस लौटने का फैसला कर लें। उन्हें दोषी ठहराया जा चुका है, इसलिए वापस आने पर उन्हें हथकड़ी पहनाकर गिरफ्तार किया जाएगा। इच्छा और वास्तविकता में फर्क होता है, जनता उन्हें आंदोलन के जरिए नकार चुकी है। हसीना की वापसी की घोषणा के बाद भारत-बांग्लादेश सीमा पर तनाव बढ़ गया है, जिसके चलते बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) ने गश्त और सुरक्षा कड़ी कर दी है। वहीं, इस मुद्दे पर विपक्षी दलों और नेशनल सिटीजन पार्टी के नेताओं ने भी बैठक कर हसीना की वापसी रोकने की रणनीति पर चर्चा की।



बांग्लादेश के मंत्री ने कहा कि हसीना को देश पूरी तरह से नकार चुका है

तैयारियों के बीच सीमा पर सुरक्षा और गश्त बढ़ा दी गई

आरोपः भारत ने बिछाया नया जाल



मंच पर भाषण देती निपुन

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की सांसद निपुन रॉय चौधरी ने भारत पर बांग्लादेश में हिंसा भड़काने और हिंदू समुदाय की सुरक्षा को लेकर नया जाल बिछाने का आरोप लगाया है। सोमवार को ढाका के केरानीगंज में एक रैली को संबोधित करते हुए निपुन रॉय चौधरी ने कहा कि भारत ऐसी छवि पेश करना चाहता है कि बांग्लादेश में हिंदू असुरक्षित हैं। उन्होंने आशंका जताई कि हिंदू समुदाय पर हमला कर उसका दोष बीएनपी, जमात या एनसीपी पर मढ़ा जा सकता है। गोपालगंज में जारी अवामी लीग समर्थकों की हिंसा के बीच उन्होंने अपने समर्थकों से शांति बनाए रखने और पुलिस-प्रशासन के साथ मिलकर हर मोहल्ले में गश्त करने की अपील की।

शाही परिवार घर में नहीं था

प्रिंस के घर में चोरी की कोशिश 2 संदिग्ध नकाबपोश गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन के प्रिंस विलियम और केट मिडलटन के घर में चोरी की कोशिश का मामला सामने आया है। सोमवार रात इंग्लैंड के नॉरफॉक स्थित सैंड्रिंघम एस्टेट के एनमर हॉल में कुछ नकाबपोश घुस गए। घटना के वक्त शाही परिवार घर पर नहीं था। पुलिस ने मामले में दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, सोमवार शाम संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया गया। चोरी और बिना अनुमति परिसर में घुसने के संदेह में दो लोगों को पकड़ा गया।



प्रिंस दंपत्ति

तलाशी के दौरान पुलिस ने खोजी कुत्तों, ड्रोन और हेलिकॉप्टर की मदद ली। एनमर हॉल में 10 बेडरूम हैं। दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने यह घर विलियम और केट को शादी के तोहफे में दिया था। लंदन से करीब 171 किलोमीटर दूर स्थित यह संपत्ति शाही दंपती के सप्ताहांत बिताने का ठिकाना है।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक गजेंद्र सिंह राठौड़ के लिए, मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 12सी, श्री राम नगर विस्तार, स्कीम 12 सी, झोटवाड़ा, जयपुर 331403 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJBIL/26/A5611, प्रबंध सम्पादक- गजेंद्र सिंह राठौड़, मो. 9461119998, E-mail: info@zoomnews.in